mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-02 अंक-285 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

मनेन्द्रगढ़
14 अक्टूबर 2026 बुधवार

दैनिक मीडिया ऑडीटर

दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित

चीन सबसे ज्यादा सोना रखने वाला 5वां देश:

उसके पास अब 2410 टन गोल्ड, भारत से 3 गुना ज्यादा;अमेरिका नंबर-1 पर

नई दिल्ली,एजेंसी। चीन दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा सोना रखने वाला देश बन गया है। चीन ने रूस को पीछे छोड़ दिया है और उससे आगे अब सिर्फ अमेरिका, जर्मनी, इटली और फ्रांस है। फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म 'द कोबेसी लेटर' के मुताबिक, चीन के पास अब सोने का 2,410 टन रिजर्व हो गया है और वह दुनिया के टॉप-3 देशों में शामिल होने से बस थोड़ा ही दूर है। फ्रांस के पास 2,437 टन और इटली के पास 2,452 टन सोना है। यानी चीन फ्रांस से सिर्फ 27 टन और इटली से 42 टन पीछे है। वहीं भारत इस लिस्ट में 8वें नंबर पर है और चीन से करीब 3 गुना कम गोल्ड है।

चीन इस साल अंत तक तीसरे नंबर पर पहुंच सकता है: चीन का केंद्रीय बैंक यानी पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना लगातार सोना खरीद रहा है।



अगर यह खरीदारी लगातार रहती है तो इस साल के अंत तक वह फ्रांस और इटली को भी पीछे छोड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगा।

सितंबर में 23 टन सोना खरीदा, लगतार 23 महीने से खरीदारी: चीन पिछले 23 महीनों से लगातार सोना खरीद रहा है। इस साल सिर्फ सितंबर महीने में चीन ने 23 टन से ज्यादा सोना खरीदा, जो पिछले एक साल में किसी भी एक महीने की सबसे बड़ी खरीदारी है। इससे पहले जुलाई और अगस्त में भी उसने हर महीने 20-20 टन से ज्यादा सोना अपने खजाने में जमा किया था। इस पूरे साल में सितंबर तक चीन ने कुल 103 टन से भी ज्यादा सोना खरीदा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 4,200 औंस के पार: दुनियाभर के बाजारों में सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर उछाल देखने को मिल रहा है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना बढ़कर लगभग 4,207 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है, वहीं चांदी भी महंगी होकर 61.12 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। ओवरसी-चाइनीज बैंकिंग कॉरपोरेशन (OCBC) के स्ट्रैटेजिस्ट क्रिस्टोफर वोंग के मुताबिक, कच्चे तेल के दाम गिरने और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से सोने की कीमतों में फिर से सुधार आ रहा है।

सोने के दाम बढ़ने की दो मुख्य वजहें हैं... पहली, कच्चे तेल की कीमतें कम होने से महंगाई की चिंता थोड़ी घटी है। दूसरी, निवेशकों को उम्मीद है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक अब ब्याज दरों में बढ़ोतरी रोक सकता है, जिससे लोग एक बार फिर सुरक्षा के लिहाज से सोने में जमकर निवेश कर रहे हैं।



: ब्रीफ बॉक्स :

नशा विरोधी एक्टिविस्ट परविंदर झोटा की हत्या

मेडिकल स्टोर मालिक ने गोलियां मारीं



मानसा,एजेंसी। पंजाब के मानसा में एंटी ड्रग टास्क फोर्स के संचालक परविंदर सिंह झोटा की मंगलवार (13 अक्टूबर) सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। नशा बेचने का विरोध करने नशा विरोधी एक्टिविस्ट झोटा की मेडिकल स्टोर मालिक अश्विनी से बहस हुई। इसी दौरान अश्विनी ने उन्हें 3 गोलियां मार दीं। उनके 4 साथियों को भी गोली लगी है। जब झोटा को साथी ले जाने लगे तो मेडिकल स्टोर मालिक हाथ में पिस्टल लिए पीछे भी जाता दिखा।

पाकिस्तान में ट्रेन पटरी से उतरी, 6 की मौत, 30 घायल



इस्लामाबाद,एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मंगलवार सुबह कराची से पेशावर जा रही रहमान बाबा एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। ट्रेन सुबह करीब 5:15 बजे शेर शाह इलाके में पटरी से उतरी। रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, 13 डिब्बों को हादसे वाली जगह से हटा दिया गया है।

पाकिस्तान में रेल हादसों का सिलसिला पुराना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 5 साल में देश में 500 से ज्यादा रेल हादसे दर्ज किए गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे में घायल यात्रियों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली प्रदर्शन पर सुनवाई टली:

सीजेपी प्रदर्शन में 7 हजार लोग हिरासत में लिए गए, 45 स्टेशन बंद हुए थे

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन से पहले मेट्रो-ट्रेन सेवाएं बंद करने, इंटरनेट बाधित करने और लोगों को हिरासत में लेने से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 15 अक्टूबर तक टाल दी है। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सुनवाई करने वाली बेंच के जज जस्टिस वी. मोहना की तबीयत खराब होने के कारण यह फैसला लिया गया।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार का जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। उन्होंने बताया कि एफिडेविट तैयार है, लेकिन उसमें कुछ और जानकारी जोड़ी जानी है। कोर्ट ने समय बढ़ाते हुए केंद्र को हलफनामा याचिकाकर्ताओं के वकील को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी और लेफ्ट ने 10 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और SIR के विरोध में प्रदर्शन बुलाया था। दिल्ली पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। इस दौरान पुलिस ने शहर में बैरिकेडिंग की थी। 45 मेट्रो स्टेशन बंद थे और 7 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था।

2 याचिकाएं दाखिल की गई थीं: याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि 9 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि प्रदर्शन के कारण दिल्ली मेट्रो और यहां आने



वाली ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक न लगाई जाए। इसके बावजूद शनिवार को कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ। इस पर इसके बाद कोर्ट ने रविवार को सुनवाई के दौरान दिल्ली के अधिकारियों को नोटिस जारी कर मंगलवार तक जवाब मांगा था। कोर्ट ने कहा था कि मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए। इंटरनेट बाधित नहीं होना चाहिए और लोगों की आवाजाही नहीं रोकी जानी चाहिए।

आशुतोष रांका और सौरव दास जंतर-मंतर से हिरासत में

● सरकार ने सोमवार से ही यहां प्रोटेस्ट बैन किया ● सीजेपी नेता बोले- प्रदर्शन यहीं करेंगे

नई दिल्ली,एजेंसी। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका को मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। दोनों CJP समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पर पहुंचे और नारेबाजी कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने सभी को पकड़ लिया। CJP ने हिरासत में लिए गए नेताओं का वीडियो जारी किया। रांका ने कहा, 'ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक प्रोटेस्ट जंतर-मंतर पर ही होगा। आज 10 लोग आए हैं, कल 1000



आएंगे, परसों 10,000 आएंगे।' जंतर-मंतर पर अब प्रदर्शन नहीं हो सकते। केंद्र सरकार ने सोमवार को इसे निर्धारित प्रदर्शन स्थल की लिस्ट से हटा दिया था।

एसआईआर के खिलाफ विपक्ष की याचिका में 14 खामियां

सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने बताया- कोर्ट फीस 220 कम दी, पेज गायब, खड़गे का आईडी कार्ड धुंधला

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत 11 विपक्षी नेताओं की तरफ से दायर याचिका में करीब 14 खामियां बताई हैं। यह याचिका वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) में बड़े पैमाने पर नाम हटाने और गड़बड़ियों के आरोपों से जुड़ी है।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, रजिस्ट्री ने याचिका दाखिल करने वाले वकील से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आईडी कार्ड की साफ कॉपी मांगी। 9 याचिकाकर्ताओं ने याचिका दायर करने की लिखित सहमति नहीं दी थी।

रजिस्ट्री ने यह भी कहा कि याचिका के साथ जमा किए दस्तावेज के कुछ पन्ने पढ़ने लायक नहीं हैं। कुछ गायब हैं। कोर्ट फीस भी 220 रुपए कम जमा की गई है।

12 अक्टूबर को दायर याचिका में भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार और अन्य चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी को पक्षकार बनाया गया है।

मार्च के खिलाफ 2 एफआईआर दर्ज: सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकालने के मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 एफआईआर



दर्ज की हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ये केस बाराखंभा रोड और तिलक मार्ग थानों में दर्ज किए गए हैं।

विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च किया: राहुल गांधी और कई अन्य विपक्षी नेता सोमवार को याचिका दाखिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करके पहुंचे थे। याचिका में रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र समिति बनाने की मांग की गई है। इसमें तकनीकी विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित नागरिकों को भी शामिल करने की मांग है। याचिका में कहा गया है कि यह समिति तय समय के भीतर SIR के दौरान वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों और किए गए बदलावों का स्वतंत्र ऑडिट करे।

राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस की सुनवाई रुकी

● सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र सरकार को नोटिस, पीएम पर बयान का मामला

नई दिल्ली,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस की सुनवाई पर रोक लगा दी। यह केस 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए बयानों से जुड़ा है। मामला महाराष्ट्र की ट्रायल कोर्ट में चल रहा था।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की बेंच ने महाराष्ट्र सरकार और शिकायतकर्ता एमएच श्रीश्रीमल को नोटिस जारी किया है।

राहुल गांधी के खिलाफ



देशभर में दर्ज आपराधिक मानहानि के मामलों की कुल संख्या 16 है। इसमें से 15 मामले उन्होंने अपने 2024 के लोकसभा चुनावी हलफनामे में घोषित किए हैं, और 1 मामला पुणे में सावरकर परिवार द्वारा दायर किया गया है। राहुल गांधी की ओर से वकील अभिषेक सिंघवी पेश हुए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का हवाला दिया। सिंघवी ने कहा कि इस मामले में कानून पहले ही स्पष्ट हो चुका है।

राहुल ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी... राहुल गांधी ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 8 सितंबर के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ जारी समन रद्द करने से इनकार किया था।

राजस्थान में आंधी का अलर्ट, यूपी में गंगा उफान पर,घर डूबे

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बर्फबारी; हिमाचल में अगले 3 दिन बारिश

नई दिल्ली,एजेंसी। मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के 15 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। ओले गिरने की भी आशंका जताई है। लखनऊ लगातार 15वें दिन भी बाढ़ की चपेट में है। कॉलोनियों में तीन-तीन फीट तक पानी भरा हुआ है।

राजस्थान के 16 जिलों में तेज बारिश और आंधी का यलो अलर्ट है। वहीं, हिमाचल में वेस्टर्न डिस्टरबेंस कल से दोबारा एक्टिव हो रहा है। प्रदेश में इससे अगले चार दिन तक बारिश के आसार हैं। लाहौल-स्पीति, किन्नौर



और चंबा की ऊंची चोटियों पर इस दौरान बर्फबारी हो सकती है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में छिपलाकोट की ऊंची चोटियां अक्टूबर में ही बर्फ से ढंक गई हैं।

बरेली में सीएम योगी बोले:

पहले जो रहनुमा थे, वही चोर थे, अब यूपी सुरक्षित

बरेली,एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बरेली में ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम प्रहरियों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की। अब उनका मानदेय 3500 रुपये होगा, जो पहले 2500 रुपये था। इसके साथ ही, उन्हें प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस उपचार सुविधा भी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश बदल चुका है। बरेली इसका सबसे बड़ा प्रमाण है।



उन्होंने बताया कि 2017 से पहले यहां त्योहारों पर उपद्रव होते थे। अब लोग सुरक्षित माहौल में पर्व मना रहे हैं। प्रदेश के हर गांव में हजारों लोग शारदीय नवरात्र से जुड़े हैं। लोग निडर होकर घरों से बाहर निकल रहे हैं। वे सुरक्षित माहौल में देवी मां के दर्शन कर पा रहे हैं।

सीएम ने कहा कि सुरक्षित उत्तर प्रदेश बनने से देश और दुनिया में प्रदेश की धारणा बदली है। पहले चंद मुट्ठी भर लोगों की गलतियों का खामियाजा 25 करोड़ लोगों को भुगतना पड़ता था। नौजवानों और व्यापारियों के सामने पहचान का संकट आता था। अब यूपी के बारे में कोई सवाल नहीं उठाता।

सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन का नया दौर... योगी ने सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन को वर्तमान माहौल का आधार बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के इस माहौल से सभी को लाभ मिला है। सड़कें बन रही हैं और निवेश आ रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। लोगों में विश्वास है कि वे सुरक्षित हैं, जिससे उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

पीएम मोदी बोले: भारत ने दुनिया को सस्ती दवाएं-टैलेंट दिया

● बदले में क्रेडिट-रॉयल्टी भी नहीं ली ● देश पहली बार ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम का मेजबान

नई दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सस्ती दवाओं से लेकर प्रतिभा तक, दुनिया भारत पर भरोसा करती है। भारत ने दुनिया को शून्य दिया, लेकिन कभी इसका श्रेय या रॉयल्टी नहीं मांगी।

दिल्ली में पहली बार हो रहे ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में मोदी ने 25 मिनट स्पीच दी। कहा कि भारत की ताकत दूसरों को सक्षम बनाने में है। उन्होंने डिजिटल तकनीक, वैक्सीन सप्लाई, आर्थिक सुधारों और वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भारत की भूमिका का जिक्र किया।

पीएम बोले- सरकार का उद्देश्य नागरिकों को निर्भर बनाना नहीं: मोदी ने कहा- सरकार के पास अधिकार है,



लेकिन उसका उद्देश्य अपने नागरिकों को व्यवस्था पर निर्भर बनाना नहीं होना चाहिए। बल्कि, उसका उद्देश्य अपने नागरिकों को सशक्त और सशक्त बनाना होना चाहिए, और भारत इसी राह पर चल रहा है।

रिफॉर्म्स हमारा कन्विक्शन है: पीएम बोले- भारत की 7.8% ग्रोथ रही है। आज हमारा फॉरेन रिजर्व 700 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। भारत का कॉन्फिडेंस ऊंचाई पर है। हमने इन्सॉल्वेंसी लॉ बनाया है। बिजनेस से जुड़ी छोटी-मोटी गलतियों को डिस्टेबिलाइज किया है। रिफॉर्म्स हमारा कन्विक्शन है।

पावर दूसरों को एम्पावर करने के लिए होती है: पीएम ने कहा- इतिहास में अनेक वैश्विक संगठन बने। उनके अपने-अपने हित रहे हैं। हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस, लाइफस्टाइल फॉर एन्वायर्नमेंट जैसे इनीशिएटिव लिए। भारत किन विचारों को लेकर सामने आया, ये सबके सामने है। भारत जोड़ने और जुड़ने पर बल देता है। पावर दूसरों को एम्पावर करने के लिए ही है। भारत रिलायबिलिटी और स्टेबिलिटी की बात करता है।

भारत ने जीरो के लिए रॉयल्टी नहीं मांगी: पीएम मोदी ने कहा- जब दुनिया को अफोर्डेबल मेडिसिन की जरूरत होती है, तब यह भारत से आती है। जब दुनिया को टैलेंट की जरूरत होती है, तब भारत के युवाओं पर भरोसा होता है। ये स्पष्ट है कि दुनिया को एक स्टीडी पिलर की जरूरत होती है, तब भारत अपना दायित्व समझते हुए हाथ आगे बढ़ाता है।

एआई हर सेक्टर में काम करने के तरीके बदल रहा: पीएम ने कहा- दुनिया एक संकट से बाहर निकलने का रास्ता तलाशती है, तभी दूसरा सामने आ जाता है। सप्लाई चेन हो, एनर्जी हो, मिनरल, पेमेंट्स या टेक्नोलॉजी, दबाव-दबदबे का माध्यम बन रहे हैं। इन सबके बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर सेक्टर में काम करने के तरीके बदल रहा है। दुनिया के सामने बड़ा सवाल भरोसे का है। भरोसा ये कि जरूरत के समय सप्लाई जारी रहेगी। भरोसा ये कि जो वादे किए वो निभाए जाएंगे। संकट के समय पार्टनर कंट्री साथ रहेगी। भारत इसी सोच के साथ सामने है।

हमारे यहां अलग-अलग मुद्दों पर खुलकर बहस होती है: पीएम ने कहा- हमारे यहां अलग-अलग मुद्दों पर खुलकर बहस होती है। 2014 के बाद जब हमें सेवा करने का अवसर मिला, तब हमने मोबाइल को अफोर्डेबल बनाने पर जोर दिया। अब छोटा दुकानदार तक पहुंच सकता है। यानी भारत में कनेक्टिविटी ने लोगों को कनेक्ट नहीं किया, बल्कि अपॉरचुनिटी को भी कनेक्ट किया।

मोदी ने कहा- हमने 100 से ज्यादा देशों में वैक्सीन की सप्लाई की... पीएम ने कहा- हम टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए पैसा सीधे अकाउंट में पहुंचाने की व्यवस्था बनाई है। गवर्नमेंट और सिटिजन के बीच सीधा रास्ता बना है। कोविड के दौरान वैक्सीन मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा महत्व था। तब कहा गया कि जिनके पास इसे बनाने की सामर्थ्य नहीं है, उन तक भी पहुंचेगी। हमने 100 से ज्यादा देशों में वैक्सीन की सप्लाई की।

संक्षिप्त समाचार

प्रदर्शनकारियों को धक्का दिया, घसीटा और जबरन बस में भरा

बेंगलुरु में पुलिस पर पत्रकारों से भी मारपीट का आरोप



बेंगलुरु एजेंसी। एक तरफ कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और गृहमंत्री प्रियांक खरगे दिल्ली में वोटर लिस्ट के स्ट्रक्चर और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ विरोध कर रहें थे वहीं दूसरी तरफ बेंगलुरु में पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और कार्रवाई की कवरेज कर रहे जर्नलिस्ट्स के साथ मारपीट की।

जुबीन गर्ग की पत्नी और फैंस का विरोध प्रदर्शन, आरोपियों को जमानत मिलने पर उठाए सवाल



डिसपुर एजेंसी। दिवंगत गायक जुबीन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने गायक से जुड़े संगीतकारों और सैकड़ों प्रशंसकों के साथ मिलकर सोमवार को सोनापुर के जुबीन क्षेत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने गायक की मौत के मामले में जल्द न्याय की मांग की। गरिमा सैकिया गर्ग ने शांतिपूर्ण और एकजुट प्रदर्शन की अपील की थी और प्रदर्शनकारियों ने दिवंगत गायक के लिए न्याय की अपनी मांग दोहराई।

दिवंगत की पत्नी ने क्यों किया प्रदर्शन: यह विरोध प्रदर्शन गुवाहटी हाईकोर्ट ने हाल ही में गायिका अमृतप्रभा महंता को जमानत दिए जाने के बाद शुरू हुआ, जिससे मामले की प्रगति को लेकर लोगों की चिंता फिर से बढ़ गई है।

केरलम विधानसभा से सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाला प्रस्ताव पारित

सीएम सतीशन बोले- ऐतिहासिक मौका



तिरुअनंतपुरम एजेंसी। केरलम विधानसभा ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाला प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में मतदाता सूची से बाहर किए गए पात्र नागरिकों के मतदान के अधिकार बहाल करने की मांग भी की गई है और चुनाव आयुक्तों के चयन की प्रक्रिया में बदलाव का सुझाव दिया गया है। मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने इसे केरलम के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

एलटीसीजी पर चर्चाओं से भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी; सेंसेक्स 1,109 अंक चढ़ा

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को तूफानी तेजी देखने को मिली। इस दौरान सेंसेक्स 1,109.10 अंक या 1.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,033.78 और निफ्टी 358.60 अंक या 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,721.95 पर था। बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। सूचकांकों में निफ्टी आईटी 5.22 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। निफ्टी रियल्टी, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी ऑटो और निफ्टी मेटल के साथ करीब सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। केवल निफ्टी फार्मा ही सपाट बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में मजबूत खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 624.65 अंक या 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,459.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 21.60 अंक या 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,447.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचयूएल, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाइटन, बीईएल, एमएंडएम,भारती एयरटेल, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक और अदाणी पोर्ट्स गेनर्स थे। केवल कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति सुजुकी और इटरनल लूजर्स थे। जानकारों ने कहा कि बाजार में तेजी की वजह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा, 'सरकार बजट से जुड़ी बातचीत के दौरान लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स को हटाने पर लोगों की राय जानना चाहती है।' इसकी वजह भारत में निवेशकों की ओर से इक्विटी पर लगने वाले टैक्स को लेकर लगातार सवाल उठाना है।

दिल्ली के क्लब में मार डाला गया 29 साल का दलजीत

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में इंद्रलोक स्थित एक अवैध बार में कथित तौर पर बार मैनेजर की पत्नी के पास से गुजरने पर 29 वर्षीय युवक दलजीत की बुरी तरह पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना में मृतक के दो दोस्त भी घायल हुए थे। सराय रोहिल्ला पुलिस ने हत्या के मामले में बार मैनेजर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बार को सील कर दिया है। इसके साथ ही चौकी प्रभारी योगेश यादव को भी लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस के अनुसार, दलजीत शुक्रवार रात दोस्तों के साथ इंद्रलोक स्थित टोरस हाउस अंबर बार में पार्टी कर रहा था। बार मैनेजर गौरव भी वहां पत्नी के जन्मदिन की पार्टी कर रहा था। आरोप है कि बाथरूम जाते समय दलजीत मैनेजर की पत्नी के पास से गुजरा तो गौरव नाराज हो गया। इसके बाद उसने बाउंसर की मदद से दलजीत की पिटाई कराई। शनिवार तड़के करीब 4 बजे हुई मारपीट में दलजीत को बचाने आए उसके दोस्त पवन और नीशू भी घायल हो गए। बाद में तबीयत बिगड़ने पर परिजन दलजीत को गुरु गोविंद सिंह अस्पताल ले गए,

बाउंसर्स ने पीट-पीटकर ली जान



जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दलजीत की पत्नी पूजा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

बीयर गिरने को लेकर हुआ था विवाद सूत्रः वहीं, भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि शनिवार देर रात सराय रोहिल्ला थाना क्षेत्र के एक नाइट क्लब में महिला पर बीयर गिरने को लेकर हुए विवाद के दौरान बाउंसर की पिटाई से कैब ड्राइवर दलजीत की मौत हो गई। सूत्र ने बताया कि मृतक की पहचान रघुवीर नगर निवासी दलजीत के रूप में हुई है। उसके परिवार में पत्नी, आठ साल का बेटा और पिता हैं।

डंडों और कांच की बोतलों से हमले का आरोप

सूत्र के मुताबिक, दलजीत अपने कुछ दोस्तों के साथ नाइट क्लब गया था। वहां उसके एक दोस्त से एक महिला पर बीयर गिर गई। इस बात को लेकर विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद क्लब के बाउंसर ने कथित तौर पर दलजीत से मारपीट कर दी। दलजीत और उसके दोस्तों ने माफी भी मांगी, लेकिन इसके बावजूद उनसे मारपीट की गई। क्लब के वेटर भी दलजीत और उसके दोस्तों पर डंडों और कांच की बोतलों से हमला करने लगे जब उन्होंने वहां से भागने की कोशिश की, तो हमलावर उन्हें खींचकर वापस अंदर ले आए और फिर से मारपीट की गई। इस हमले में दलजीत को सबसे गंभीर चोटें आईं।

पुलिस ने सीसीटीवी रिकॉर्डर जब्त किया

सूत्र ने बताया, उसके दोस्त उसे रघुवीर नगर स्थित उसके घर ले गए, जहां वह घर के दरवाजे के पास ही गिर पड़ा। इसके बाद उसे गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नाइट क्लब का सीसीटीवी डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर जब्त कर लिया है और फुटेज खंगाली जा रही है।

गुरुग्राम में 4 दिन से सिटी बसों का संचालन बंद, यात्री परेशान

गुरुग्राम, एजेंसी। गुरुग्राम-फरीदाबाद में वित्तीय विवाद की वजह से चार दिन से सिटी बस का संचालन बंद है। बस संचालन करने वाली कंपनी गुरुग्राम सिटी ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड और गुरुग्राम महानगर सिटी बस लिमिटेड के बीच करीब 15 करोड़ रुपये के बकाया बिल को लेकर विवाद है। बसों का संचालन कर रही टीसीआरपीएल गुरुग्राम सिटी ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने गुरुग्राम महानगर सिटी बस लिमिटेड (जीएमसीबीएल) को चेतावनी दी है कि जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता है, तब तक सिटी बस को नहीं चलाया जाएगा। इससे बस यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।



7 साल पहले हुआ था समझौताः साल 2019 में बस कंपनी और जीएमसीबीएल के बीच में किलोमीटर स्कीम के तहत बस संचालन का समझौता हुआ था। इस कंपनी को गुरुग्राम में 100 बस चलाने की जिम्मेदारी दी गई थी। बाद में इस कंपनी को गुरुग्राम में 50 और फरीदाबाद में 50 बस चलाने के आदेश जारी हुए थे।

15 करोड़ रुपये बकायाः इस कंपनी को प्रति किमी बस संचालन की एवज में 96 रुपये का भुगतान किया जाना है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी की जीएमसीबीएल के ऊपर 15 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। छह महीने से कंपनी के पदाधिकारी भुगतान का आग्रह कर रही है, लेकिन अब तक अदायगी नहीं हो सकी है।

डिपो से बस नहीं निकलीः पिछले सप्ताह कंपनी ने जीएमसीबीएल को अंतिम नोटिस देकर नौ अक्टूबर से गुरुग्राम और फरीदाबाद में बसों का संचालन बंद कर दिया। सोमवार को एक भी बस डिपो से बाहर नहीं निकली। वहीं, जीएमसीबीएल सीईओ विश्वजीत चौधरी ने विवाद के बारे में कुछ नहीं कहा। हालांकि, उनका कहना है कि बसों का संचालन शुरू किया जाएगा।

18 रूटों पर होता था सिटी बस संचालनः यह सिटी बस गुरुग्राम और फरीदाबाद में 18 रूट पर चलती थी। यह बस गुरुग्राम में मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-50, मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से सोहना बस स्टैंड वहीं फरीदाबाद में बड़खल बॉर्डर से बल्लभगढ़ बस स्टैंड, बल्लभगढ़ बस स्टैंड से बदरपुर बॉर्डर, बल्लभगढ़ बस स्टैंड से मछावली चौक आदि रूट पर चलती थी।

लाखों का भुगतान अटका

कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि जीएमसीबीएल से भुगतान नहीं हुआ है। इस वजह से वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। जैसे ही जीएमसीबीएल से राशि मिलती है, उस राशि से सीएनजी कंपनी की बकाया राशि का भुगतान किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक करीब 40 लाख रुपये का भुगतान इस कंपनी ने सीएनजी कंपनी को करना है।

विराटनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : मिस्त्री की दुकान से बाइक चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

विराटनगर। जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह (IPS) के निर्देशन में क्षेत्र में चोरी और नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विराटनगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। कार्रवाई का विवरण : विराटनगर थानाधिकारी बाबूलाल मीणा (उप-निरीक्षक) के अनुसार, 12 अक्टूबर 2026 को सोठाना स्थित एक मिस्त्री की दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल (नंबर: RJ 52 SC 3790) चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 303(2) बीएनएस (BNS) के तहत प्रकरण संख्या 246/2026 दर्ज कर जांच शुरू की। गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोपीपुर सोठाना क्षेत्र से आरोपी राजेन्द्र कुम्हार को धर दबोचा और उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल (RJ 52 SC 3790) को सकुशल बरामद कर लिया।



अमेरिका में बदलाव की मांग: कटघरे में न्यूयॉर्क पुलिस की बलप्रयोग नीति

ममदानी ने क्यों दिए समीक्षा के निर्देश

वाशिंगटन, एजेंसी। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने सोमवार को न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) को नागरिकों के खिलाफ पुलिसकर्मियों द्वारा बल प्रयोग की नीतियों की व्यापक समीक्षा करने का आदेश दिया। इस कदम का उद्देश्य प्रगतिशील विचारधारा वाले उन नेताओं और समर्थकों के बीच बढ़ते असंतोष को दूर करना है, जो चाहते हैं कि लोकतांत्रिक समाजवादी ममदानी देश के सबसे बड़े पुलिस विभाग पर अधिक मजबूत नियंत्रण स्थापित करें।



पुलिस जवाबदेही बढ़ाने के लिए कई नए उपायों की घोषणाः एक प्रेस विज्ञप्ति में ममदानी ने पुलिस की निगरानी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए कई अतिरिक्त उपायों की घोषणा की। इनमें एनवाईपीडी के लिए महानिरीक्षक कार्यालय (ऑफिस ऑफ द इंस्पेक्टर जनरल) की फंडिंग बढ़ाना और पुलिसकर्मियों पर कदाचार के आरोप लगने की स्थिति में जवाबदेही सुनिश्चित करने वाली नीतियां शामिल हैं। मेयर ने अपने बयान में कहा, जब सरकार किसी न्यूयॉर्कवासी के खिलाफ बल प्रयोग करती है, तो जवाबदेही का मानक अपने उच्चतम स्तर पर होना चाहिए। हर न्यूयॉर्कवासी को यह जानने का अधिकार है कि बल प्रयोग कानून के अनुरूप, सावधानीपूर्वक और केवल आवश्यकता होने पर ही किया जाएगा।

पुलिस व्यवस्था में बदलाव के वादे को लेकर ममदानी पर दबावः डेमोक्रेट ममदानी ने पिछले साल मेयर पद के चुनाव के दौरान पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में व्यापक बदलाव करने का वादा किया था। उनकी योजना के तहत पुलिस अधिकारियों की कुछ जिम्मेदारियां सामाजिक कार्यकर्ताओं और सामाजिक सेवा विशेषज्ञों की टीमों को सौंपने की बात कही गई थी। हालांकि, इस योजना को अमल में लाने की प्रक्रिया अब तक धीमी रही है।

पुलिस कमिश्नर जेसिका टिश के पद पर बने रहने से बढ़ी नाराजगीः ममदानी को उदारवादी और प्रगतिशील विचारधारा वाले नेताओं की ओर से बढ़ती आलोचना का भी सामना करना पड़ रहा है।

दिल्ली में एसआईआर वाली टेंशन कम हो रही, 20 लाख लोगों मामला सुलझा, एक और बड़ी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने सोमवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से छूटे पात्र मतदाताओं के लिए 18 और 25 अक्तूबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इनमें जवाब दाखिल कर निस्तारण करा सकेंगे, वहीं पात्र लोग फॉर्म-6 भरकर जमा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 के साथ जरूरी दस्तावेज जमा करने वाले सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर नहीं छूटेगा। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) के कार्यालय के मुताबिक 33 लाख नोटिस पाने वाले मतदाताओं में से करीब 20 लाख मतदाताओं के नोटिस का निस्तारण किया जा चुका है। सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में सभी एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्रों में जारी नोटिस के निस्तारित हो चुके मामलों की जानकारी दी। सीईओ कार्यालय का कहना है



कि तार्किक विसंगतियों और नो-मैपिंग के कारण जिन मतदाताओं को नोटिस जारी हुए थे, उनकी ओर से दस्तावेज जमा कराकर नोटिस का निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक ऐसे चार विशेष कैंप लगाए जा चुके हैं।

पिछले हफ्ते मिले थे विपक्षी दलः इससे पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बीते बुधवार को दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की थी और एसआईआर को रद्द करने और राष्ट्रीय राजधानी की मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 47.56 लाख लोगों के नाम पुनः जोड़ने की मांग की थी। विपक्षी दलों द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कश्मीरी गेट से दिल्ली निर्वाचन कार्यालय तक मार्च निकालने के बाद कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, माले और तृणमूल कांग्रेस (ममता गुट) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ अशोक कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। जानकारी के मुताबिक एसआईआर के दौरान तैयार की गई मसौदा सूची से 47 लाख से अधिक नाम बाहर कर दिए गए हैं, जबकि रिकॉर्ड में विसंगतियां होने के कारण 33 लाख से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। बयान में कहा गया था कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने नोटिस वापस लेने और उन सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बहाल करने की मांग की, जिनके नाम हटा दिए गए हैं।

अमेरिका में मध्यावधि चुनावः जनता ट्रंप से नाराज,सुरक्षित सीटों पर भी कड़ा मुकाबला

वाशिंगटन , एजेंसी। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव में बस तीन हफ्ते का समय बचा है और ओपिनियन पोल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता लगातार घटती जा रही है। ट्रंप की नीतियों, ईरान युद्ध और कमरतोड़ महंगाई के कारण अमेरिकी जनता खासे गुस्से में है। हाल ये है कि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का सुरक्षित गढ़ मानी जाने वाली सीटों पर ही संकट मंडराने लगा है। असमंजस में घिरे ट्रंप की पार्टी के नेताओं को डेमोक्रेट के गढ़ों में सेंध लगाने का सपना देखने के बजाय अपनी सुरक्षित सीटों पर ही जीत के लिए सारी ताकत झोंकनी पड़ रही है।अपनी ही पार्टी के घटते जनाधार और राष्ट्रपति की गिरती लोकप्रियता से परेशान निचले सदन प्रतिनिधि सभा के एक



रिपब्लिकन उम्मीदवार ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ट्रंप पार्टी का बेड़ा गर्क कर रहे हैं। महीनों तक राष्ट्रपति से प्रमुख उम्मीदवारों के पक्ष में रैलियां करने का आग्रह करने वाले कुछ रिपब्लिकन नेता इस कदर चिंतित हैं कि उन्हें लगता है कि ट्रंप का चुनाव प्रचार में आना फायदे की जगह नुकसान पहुंचा रहा है।जीती मानी गई सीटों पर बहा रहे करोड़ों डॉलरः कड़े मुकाबले वाली सीटों की संख्या अचानक बढ़ने से रिपब्लिकन नेताओं की वो योजनाएं ध्वस्त हो गई हैं, जिसके तहत आखिरी दौर में करोड़ों डॉलर खर्च करके अपनी बढ़त बनाना चाहते थे। ट्रंप समर्थक सुपर-पैक मागा इंक से भारी फंडिंग के बावजूद, पार्टी की किस्मत नहीं बदल सकी है। सारा पैसा उन सीटों को बचाने में चला जा रहा है, जिन्हें पहले ही जीती हुई माना गया था। बतौर उदाहरण, सीनेट चुनावों का सबसे बड़ा रिपब्लिकन सुपर-पैक सीनेट लीडरशिप फंड नॉर्थ कैरोलिना में अपने विज्ञापन रोककर कम से कम 10 मिलियन डॉलर (करीब 83 करोड़ रुपये) कंसास राज्य में लगा रहा है, जबकि यह ऐसा राज्य है जिसने 1932 के बाद से किसी डेमोक्रेट को सीनेट में नहीं भेजा। साउथ कैरोलिना जैसे गढ़ में मौजूदा सीनेटर डार्लिन ग्राहम को डेमोक्रेट उम्मीदवार एनी एंड्रयूज से पिछड़ने से बचाने के लिए 5 मिलियन डॉलर और दिए गए हैं। फंड ने टेक्सास में केन पैक्सटन को बचाने के लिए 100 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च कर दिए हैं जो डेमोक्रेट जेम्स टैलारिको से कड़े मुकाबले में फंसे हैं।ट्रंप के राजनीतिक विज्ञापनों पर रोकअमेरिका की एक कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को आदेश दिया कि राष्ट्रपति के राजनीतिक संदेश को बढ़ावा देने के लिए करदाताओं के लाखों डॉलर से बने टीवी विज्ञापनों को रद करें। न्यूयॉर्क में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेनिफर एल रोचोन ने अस्थायी रोक का आदेश जारी किया, जिससे प्रशासन को बचे सभी विज्ञापन रद करने होंगे। एजेंसीक्या होता है मध्यावधि चुनावअमेरिका में 3 नवंबर को मध्यावधि चुनाव होने जा रहे हैं। आखिर यह चुनाव क्या होता है और इसे कब कराया जाता है, इसी पर एक नजर...निचले सदन के कितने प्रतिनिधि चुनेगी जनता?अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सभी 435 सदस्यों के लिए हर दो वर्ष में चुनाव होते हैं। लेकिन जब ये चुनाव मौजूदा राष्ट्रपति के निर्वाचन के दो साल बाद यानी कार्यकाल के ठीक बीच में होते हैं तो इन्हें मध्यावधि चुनाव कहा जाता है।इस चुनाव के नतीजे तय करेंगे कि निचले सदन में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का दबदबा रहेगा या विपक्षी डेमोक्रेट हावी होंगे। अभी निचले सदन में 219 रिपब्लिकन और 214 डेमोक्रेट सांसद हैं। दो सीटें खाली हैं।और किन प्रतिनिधियों का होगा चुनावप्रतिनिधिसभा सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होता है।

मस्क ने ट्रंप की पार्टी को दिए 2500 करोड़ रुपयेः बर्नी सैंडर्स भड़के



बोले- धनकुबेरों को रोको

वाशिंगटन, एजेंसी। अरबपति कारोबारी और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क इन दिनों दो देशों में अलग-अलग वजहों से चर्चा में हैं। भारत में उन्होंने स्टारलिंक की शुरुआत को लेकर मुकेश अंबानी पर तंज कसा था। अब अमेरिका में सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने मस्क के राजनीतिक चंदे को लेकर उन पर निशाना साधा है। सैंडर्स का आरोप है कि मस्क अपने पैसे के दम पर अमेरिकी राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, मस्क को रोको, धनकुबेरों के वर्चस्व को रोको।

अमेरिका में मस्क के चंदे पर क्यों उठे सवालः अमेरिका में बर्नी सैंडर्स ने मस्क के राजनीतिक चंदे को लेकर सवाल उठाए हैं। सैंडर्स के मुताबिक, मस्क ने 2024 में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव जिताने के लिए करीब 29 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसके बाद मस्क की संपत्ति में 696 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई और वह दुनिया के पहले खरबपति बन गए। संपत्ति में बढ़ोतरी से जुड़ा यह आंकड़ा सैंडर्स के दावे के रूप में सामने आया है।सैंडर्स ने अपनी पोस्ट में कहा कि अब मस्क अमेरिकी संसद में रिपब्लिकन पार्टी का नियंत्रण बनाए रखने के लिए 36.6 करोड़ डॉलर खर्च कर रहे हैं। इसी के साथ उन्होंने धनकुबेरों के राजनीतिक प्रभाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि मस्क और ऐसे लोगों के वर्चस्व को रोकने की जरूरत है।

भारत में अंबानी पर क्यों कसा था तंज

मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसी बीच मस्क ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया था कि भारत में कुछ बड़े कारोबारी अपने एकाधिकार को बचाने के लिए स्टारलिंक की शुरुआत में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने मुकेश अंबानी पर तंज कसते हुए पूछा था कि क्या वह भारत के असली ताकतवर व्यक्ति हैं। इसके बाद उन्होंने व्यंग्य में अंबानी को प्रधानमंत्री अंबानी कहकर संबोधित किया। भारत में मस्क ने अंबानी पर बाजार में एकाधिकार बनाए रखने का आरोप लगाया। अमेरिका में सैंडर्स उन पर राजनीतिक चंदे के जरिये सत्ता और संसद पर प्रभाव बढ़ाने का आरोप लगा रहे हैं। दोनों मामलों में आर्थिक ताकत और उसके प्रभाव को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, अमेरिका में राजनीतिक चंदा देना अपने आप में किसी सौदे या सरकारी लाभ का सबूत नहीं है।

रिपब्लिकन पार्टी को कितना पैसा दिया

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने तीन नवंबर को होने वाले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की मदद के लिए जुलाई से अब तक 27.6 करोड़ डॉलर यानी करीब 2,500 करोड़ रुपये दिए हैं। 2025-26 के चुनाव चक्र में रिपब्लिकन समूहों को उनका कुल योगदान 36.6 करोड़ डॉलर यानी करीब 3,300 करोड़ रुपये बताया गया है। मस्क ने रिपब्लिकन सीनेट लीडरशिप फंड को 15.8 करोड़ डॉलर दिए। इसके अलावा, रिपब्लिकन सीनेट उम्मीदवारों के समर्थन में सक्रिय अमेरिका पीएसी को 7.6 करोड़ डॉलर और हाउस रिपब्लिकन के प्रमुख सुपर पीएसी को दो करोड़ डॉलर दिए। टेक्सास में सीनेट उम्मीदवार केन पैक्सटन के समर्थन वाले समूह को भी एक करोड़ डॉलर दिए गए। रिपब्लिकन गवर्नर्स एसोसिएशन को एक करोड़ डॉलर मिले।

जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, सीधी में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

स्व-गणना और मोबाइल ऐप से जुटाई जाएगी जानकारी, गणना ब्लॉकों के गठन से लेकर कर्मचारियों की नियुक्ति तक की प्रक्रिया समझाई गई



मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार, सीधी में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी बी.पी. पांडेय के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य को व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में जनगणना कार्य की पूर्व तैयारियों को मजबूत करना तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल से आए जिला प्रभारी सुमित मौर्य एवं प्रशिक्षक वैभव अग्रवाल ने अधिकारियों को जनगणना के द्वितीय चरण की कार्ययोजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी इस दौरान गणना ब्लॉकों के गठन, कर्मचारियों की नियुक्ति, कार्यों के आवंटन और जनगणना संबंधी व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

गणना ब्लॉकों का गठन और कार्मिकों की नियुक्ति पर जोर: प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना कार्य के सुचारु संचालन के लिए गणना ब्लॉकों का गठन व्यवस्थित तरीके से किया जाना आवश्यक है प्रत्येक क्षेत्र में कार्यभार के अनुसार कार्मिकों की तैनाती और उनके दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण किया जाएगा इसके साथ ही कार्य का समान वितरण सुनिश्चित करने, अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता का आकलन करने तथा जरूरत के अनुसार उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से समझाया गया अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में बेहतर समन्वय, समयबद्ध कार्ययोजना और जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण महत्वपूर्ण है सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं का आकलन करते हुए तैयारियों को निर्धारित समयसीमा के अनुसार पूरा करने पर ध्यान देना होगा।

स्व-गणना और मोबाइल ऐप से होगा डेटा संकलन: जनगणना 2027 की प्रक्रिया में डिजिटल माध्यमों के उपयोग को भी महत्वपूर्ण बताया गया प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि स्व-गणना के विकल्प के माध्यम से परिवार के सदस्य निर्धारित पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे इसके अतिरिक्त प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से निर्धारित विवरण एकत्र करेंगे। प्रशिक्षकों ने डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग, जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया और जनगणना कार्य को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की स्व-गणना और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संकलन की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि निर्धारित प्रश्नों



के माध्यम से लोगों से आवश्यक विवरण एकत्र किए जाएंगे इसमें सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और प्रवास सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 40 प्रश्न पूछे जाने की जानकारी दी गई अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनगणना कार्य के दौरान जानकारी के संकलन और संबंधित प्रक्रियाओं को गंभीरता से समझें गणना कार्य में लगे कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने, कार्यों का उचित प्रबंधन करने और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया जनगणना के आंकड़ों की सटीकता बनाए रखने के लिए प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता भी बताई गई। दो दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण एवं नगरीय चार्ज अधिकारी तथा जनगणना कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को जनगणना के आगामी चरण में आने वाली प्रशासनिक और व्यावहारिक आवश्यकताओं से अवगत कराया गया प्रशिक्षण के समापन के साथ ही जिले में जनगणना 2027 की तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल पूरी हुई प्रशासन का उद्देश्य जनगणना कार्य को बेहतर योजना, उचित संसाधन प्रबंधन और आपसी समन्वय के साथ संपन्न कराना है, ताकि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आंकड़ों का संकलन किया जा सके और कार्य में पारदर्शिता एवं सटीकता बनी रहे।

मेडिकल कॉलेज के ICU के पास गुटखा थूकने पर विवाद, गार्ड को चाकू दिखाकर धमकाया



मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)। । मेडिकल कॉलेज में आईसीयू वार्ड के पास गुटखा थूकने से रोकने पर दो युवकों द्वारा सुरक्षाकर्मी को चाकू दिखाकर धमकाने का मामला सामने आया है घटना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को पकड़कर गार्ड रूम में बंद कर दिया और डायल 112 को सूचना दी आरोप है कि देर रात मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम बिना युवकों को हिरासत में लिए लौट गई मंगलवार सुबह अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर सोहागपुर पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार सुरक्षाकर्मी शारदा प्रसाद रात में मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड के पास ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान दो युवक अपनी महिला मित्रों के साथ वहां बैठे थे बताया गया कि युवकों की महिला मित्रों के परिजन अस्पताल में भर्ती थे सुरक्षाकर्मी ने युवकों से वहां बैठने के संबंध में पूछताछ की इसी दौरान एक युवक ने गुटखा थूक दिया शारदा प्रसाद ने इस पर आपत्ति जताई जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि एक युवक ने चाकू निकालकर सुरक्षाकर्मी को धमकाया। स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षाकर्मी ने अपने साथियों को बुलाया कर्मचारियों ने दोनों युवकों को पकड़कर गार्ड रूम में बंद कर दिया और डायल 112 को सूचना दी हालांकि सुरक्षाकर्मियों का आरोप है कि मौके पर पहुंची टीम बिना कार्रवाई किए लौट गई।

दिव्यांगजनों का सम्मान और सशक्तीकरण समावेशी समाज की आधारशिला ,

सेवा समर्पण के संकल्प के साथ आयोजित हुआ सम्मान समारोह



मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सेवा ही मेरा योगदान' संकल्प से प्रेरित दिव्यांगजन सम्मान समारोह का आयोजन महाबली गौतम द्वारा किया गया समारोह में जनप्रतिनिधियों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तीकरण के प्रति समाज को जागरूक करना रहा समारोह में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प से प्रेरणा लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग के सम्मान एवं उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करना सभी का दायित्व है दिव्यांगजनों को समान अवसर सम्मानजनक वातावरण और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना एक संवेदनशील एवं समावेशी समाज की पहचान है दिव्यांगजन भी अपनी प्रतिभा, क्षमता और मेहनत के बल पर समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं ऐसे में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ विधायक नागेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया सिंह और पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इसके अलावा मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, कमलेश्वर सिंह, राम सिंह, विद्या प्रकाश श्रीवास्तव, रमेश गर्ग, राजेंद्र ताम्रकार, विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, योगेंद्र शुक्ला, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी और भारतीय मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष बसंत दुबे सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

जवा जनपद में स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल, श्रमदान या सिर्फ फोटो सेशन?

एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान की जमीनी हकीकत पर सवाल, जवा और बरौली ठकुरान में गंदगी को लेकर उठीं शिकायतें



मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत जवा जनपद पंचायत में आयोजित 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' गतिविधि की वास्तविकता पर सवाल उठाए जा रहे हैं आरोप है कि 1 अक्टूबर को जनपद पंचायत परिसर में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान के बजाय फोटो खिंचवाने पर अधिक ध्यान दिया हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है जानकारी के



अनुसार जनपद पंचायत जवा के सीईओ सुलाब सिंह पुसाम के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के बाद समाचार पत्रों में अधिकारियों, कर्मचारियों और समाजसेवियों द्वारा श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई करने की खबरें प्रकाशित हुई थीं अब स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या वास्तव में निर्धारित समय तक श्रमदान किया गया या कार्यक्रम केवल औपचारिकता बनकर रह गया।


दो मिनट भी झाड़ू नहीं लगाने का आरोप: स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे आरोपों के अनुसार, सीईओ सहित कुछ अधिकारी-कर्मचारी झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाते नजर आए लेकिन वास्तविक सफाई में उनकी भागीदारी बेहद कम रही आरोप लगाने वालों का कहना है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी ही अभियान को गंभीरता से नहीं लेंगे तो अधीनस्थ कर्मचारियों और ग्राम पंचायतों से बेहतर परिणामों की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

जवा और बरौली ठकुरान की सफाई व्यवस्था पर सवाल: जवा मुख्यालय और ग्राम पंचायत बरौली ठकुरान में गंदगी को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारी-कर्मचारी नियमित रूप से इन रास्तों से गुजरते हैं इसके बावजूद सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता ऐसे में स्वच्छता के नाम पर होने वाले खर्च और जमीनी स्थिति की समीक्षा की मांग उठ रही है।

पाठशाला पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। ढेकहा स्थित पाठशाला पब्लिक स्कूल में संस्थापक ओमप्रकाश गुप्ता एवं श्रीमती नर्मदा गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करना रहा विद्यालय की प्राचार्य सारिका गुप्ता ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है समाज में मानसिक समस्याओं को लेकर व्याप्त झिझक और गलत धारणाओं को दूर करने की आवश्यकता है समय पर चिकित्सकीय परामर्श और काउंसलिंग लेने से समस्याओं के समाधान में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल, टीवी और लैपटॉप का असंतुलित उपयोग बच्चों के व्यवहार और दिनचर्या को प्रभावित कर सकता है बच्चों में चिड़चिड़ापन, जिद और गुस्से जैसी प्रवृत्तियों पर अभिभावकों को ध्यान देना चाहिए बच्चों के साथ संवाद बनाए रखना उनकी भावनाओं को समझना और उन्हें सकारात्मक वातावरण देना जरूरी है। प्राचार्य ने ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया उन्होंने बताया कि भारत सरकार की टेली-मानस हेल्पलाइन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में मानसी गुप्ता, जीतेन्द्र गुप्ता, दीपाली केशरवानी, अमित केशरी, सरिता गुप्ता, आयुष्मान गुप्ता, श्रुति गुप्ता, सृष्टि गुप्ता, आर्यमान गुप्ता, शौर्यमान गुप्ता, गीता द्विवेदी, खुशी सिंह, नेहा सिंह, अंजली सिंह, मुस्कान तिवारी, एकता तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आदिवासी बस्ती कैथबारी में श्री कैथबारी नाथ हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न ,नवरात्रि के पावन अवसर पर विधि-विधान से हुई स्थापना



मीडिया ऑडीटर, जवा (निप्र)। तराई अंचल की तहसील जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत सितलहा की आदिवासी बस्ती कैथबारी में मंगलवार, 13 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री हनुमानजी की दिव्य प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न इस धार्मिक अनुष्ठान में बस्ती सहित आसपास के श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता की जानकारी के अनुसार श्री दुआरा नाथ से लाई गई सिद्ध एवं दिव्य श्री हनुमानजी की प्रतिमा की स्थापना कैथबारी में 'श्री कैथबारी नाथ हनुमानजी स्वामी' के नाम से की गई प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पंडित विनोद एवं मुकुल पंडित, सितलहा के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया ग्राम पंचायत सितलहा के सरपंच अमित चक्रधर सिंह की सहभागिता में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस अनुष्ठान में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने हनुमानजी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत आरती और भजन-कीर्तन किया गया जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। आरती एवं भजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा का दिव्य अनुष्ठान संपन्न हुआ ग्रामीणों के लिए यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामूहिक सहभागिता का महत्वपूर्ण अवसर रहा आदिवासी बस्ती कैथबारी में श्री हनुमानजी की प्रतिमा की स्थापना से श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया ग्रामवासियों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में शांति, सद्भाव और मंगल की कामना की।

870 ग्राम की नवजात ने 58 दिन तक लड़ी जिंदगी की जंग, शहडोल के डॉक्टरों ने बचाई जान



मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)। जिला अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की मेहनत, बेहतर इलाज और मां की देखभाल से महज 870 ग्राम वजन के साथ जन्मी एक नवजात बच्ची स्वस्थ होकर घर लौट गई सातवें महीने में जन्मी इस बच्ची का 58 दिनों तक विशेष निगरानी में इलाज किया गया इस दौरान करीब चार बार उसकी हालत गंभीर हुई लेकिन डॉक्टरों की टीम ने हर बार स्थिति को संभाल लिया 13 अक्टूबर को बच्ची को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई जानकारी के अनुसार जयसिंहनगर तहसील की रहने वाली स्वरूपा सेन ने 15 जुलाई को सातवें महीने में बच्ची को जन्म दिया था जन्म के समय बच्ची का वजन केवल 870 ग्राम था समय से पहले जन्म होने के कारण उसे सांस लेने में पेशानी हो रही थी नवजात की नाजुक स्थिति को देखते हुए तत्काल जिला अस्पताल की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में भर्ती कराया गया।

सीपैप मशीन से दी गई सांस लेने में मदद: अस्पताल में बच्ची को सीपैप मशीन के जरिए सांस लेने में सहायता दी गई साथ ही फेफड़ों के विकास और स्वास्थ्य में सुधार के लिए आवश्यक दवाएं दी गईं 58 दिनों के उपचार के दौरान बच्ची की स्थिति कई बार बिगड़ी खून की कमी होने पर उसे चार बार रक्त चढ़ना पड़ा डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ ने लगातार निगरानी करते हुए उसका उपचार जारी रखा।

कंगारू मदर केयर से भी मिली मदद: बच्ची के उपचार में दवाओं और चिकित्सकीय देखरेख के साथ मां की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही कंगारू मदर केयर (केएमसी) तकनीक के माध्यम से मां ने बच्ची को अपने सीने से लगाकर रखा इससे नवजात को गर्माहट और देखभाल मिली लगातार उपचार और देखभाल के बाद बच्ची का वजन बढ़कर 1 किलो 700 ग्राम हो गया स्वास्थ्य में सुधार के बाद 13 अक्टूबर को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

पॉलीटेनिक कॉलेज सीधी में टेनो चैलेंज प्रदर्शनी, विद्यार्थियों ने दिखाए तकनीकी नवाचार

करियर काउंसलिंग में रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसरों की दी जानकारी, चित्रकला, भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित



मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सीधी में टेक्नो चैलेंज मॉडल प्रदर्शनी एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी मॉडलों, परियोजनाओं और नवाचारों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और समस्या समाधान की क्षमता का प्रदर्शन किया कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा, विद्युत, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, कृषि, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के व्यावहारिक तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करना था प्रदर्शनी में स्मार्ट एग्रीकल्चर, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, मोबाइल एप्लीकेशन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और वेस्ट टू आर्ट जैसे विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए गए।

रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन: करियर काउंसलिंग सत्र में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता की संभावनाओं से अवगत कराया जिला उद्योग केंद्र के प्रतिनिधियों ने स्थानीय उद्योगों और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के अवसरों की जानकारी दी जिला रोजगार विभाग ने रोजगार मेलों एवं करियर निर्माण के बारे में बताया, जबकि शासकीय आईटीआई सीधी ने व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास योजनाओं की जानकारी साझा की छात्र संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों की करियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया कार्यक्रम में पूर्व छात्रों को सम्मानित करने के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने मारी बाजी: चित्रकला प्रतियोगिता में ईशान बहेलिया ने प्रथम, प्रिंस चतुर्वेदी ने द्वितीय और आशुतोष प्रसाद मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया भाषण प्रतियोगिता में शिवेंद्र पाठक प्रथम, ध्रुव सिंह चौहान द्वितीय और रूपाली मिश्रा तृतीय रहीं निबंध प्रतियोगिता में सपना पाण्डेय ने प्रथम, अंश पाण्डेय ने द्वितीय और अंजलि गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल किया।

सीएम हेल्पलाइन कागजी घोड़ा साबित हो रही, शिकायतों के निराकरण में लापरवाही का आरोप : अनुपम तिवारी



मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना के तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 25 स्थित दयानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खजूरी टोला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया धर्मेंद्र सिंह ने घरों में निकलने वाले सब्जी-फल के छिलकों, फूलों और अन्य गीले कचरे से होम कंपोस्टिंग के माध्यम से खाद बनाने की विधि समझाई उन्होंने कहा कि घर में गीले कचरे से खाद तैयार करने से कचरे की मात्रा कम होगी और तैयार खाद से गमलों में फल, फूल व सब्जियां उगाई जा सकेंगी इससे 'ग्रीन सतना' के लक्ष्य को भी बढ़ावा मिलेगा कार्यक्रम में स्वच्छता के साथ नशा मुक्त भारत, भ्रष्टाचार मुक्त समाज, अपराध मुक्त समाज, सामाजिक समरसता, सद्भावना और मतदाता जागरूकता जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई इस दौरान धर्मेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता, नशा मुक्ति और सद्भावना की शपथ दिलाई उन्होंने सतना को स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर वन बनाने के लिए आम नागरिकों को जागरूक करने की अपील की।

उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन बना ग्रामीणों के लिए उम्मीद की नई किरण



मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। शिक्षा से वंचित लोगों को साक्षर बनाने की मुहिम अब ग्रामीण क्षेत्रों में नई उम्मीद जगा रही है केंद्र सरकार के उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन से प्रेरित होकर जवा तहसील के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं अक्षर साथी वैभव कुमार केशरवानी ग्राम गोंता, नगर परिषद डभौरा में प्रौढ़ शिक्षा का अभियान चला रहे हैं उनका उद्देश्य उन लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाना है जो किसी कारणवश बचपन में शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके वैभव केशरवानी गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर लोगों को शिक्षा का महत्व समझा रहे हैं खास बात यह है कि वह अपने खर्च से ग्रामीणों को निःशुल्क पढ़ाई कराने के साथ किताबें, कॉपियां, पेन, पेंसिल और स्लेट भी उपलब्ध करा रहे हैं उनके इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना हो रही है। दिनभर खेत-खलिहानों में काम करने के बाद जब ग्रामीण घर लौटते हैं तब वैभव केशरवानी खुले आंगन में चौपाल लगाकर लोगों को पढ़ाते हैं। इस दौरान महिलाएं, बुजुर्ग और युवा उत्साह के साथ बुनियादी शिक्षा प्राप्त करते हैं। उन्हें अक्षर ज्ञान के साथ पढ़ना, लिखना और सामान्य हिसाब-किताब करना सिखाया जाता है इस पहल का उद्देश्य केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को दैनिक जीवन में आत्मनिर्भर बनाना भी है बुनियादी साक्षरता से लोग बैंक संबंधी दस्तावेजों को समझने, जरूरी जानकारी पढ़ने और अपने हस्ताक्षर करने में सक्षम हो सकते हैं।

शिक्षा ही सशक्तीकरण की कुंजी: अक्षर साथी वैभव कुमार केशरवानी ने कहा कि शिक्षा ही सशक्तीकरण की कुंजी है जब तक गांव और समाज का प्रत्येक व्यक्ति साक्षर नहीं होगा तब तक आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरी तरह साकार नहीं हो सकता उनका लक्ष्य है कि ग्राम गोंता और पूरे डभौरा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति निरक्षर न रहे उन्होंने इसे नौकरी नहीं बल्कि समाज सेवा का माध्यम बताया।

दिवाली-छठ पर 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

इटारसी, भोपाल, रानी कमलापति और बीना स्टेशन पर ठहराव, यात्रियों को मिलेगी राहत

मीडिया ऑडीटर, इटारसी (निप्र)। दिवाली और छठ सहित त्योहारों पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक चलने वाली ये ट्रेनें भोपाल मंडल से गुजरेंगी। इटारसी के अलावा कुछ ट्रेनों का ठहराव भोपाल, रानी कमलापति, बीना और गुना स्टेशनों पर भी रहेगा।



● मुंबई, पुणे और गोरखपुर जाने वालों को मिलेगी सुविधा

इन स्पेशल ट्रेनों से मुंबई, पुणे, गोरखपुर, बनारस, दानापुर और मऊ जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। इनमें रानी कमलापति-दानापुर और पुणे-गोरखपुर स्पेशल ट्रेनें भी शामिल हैं।

● यात्रा से पहले समय-सारणी जांचने की सलाह

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेनों की समय-सारणी जांचने की अपील की है। इसके लिए रेलवे की वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 139 पर जानकारी ली जा सकती है।

नमो सेवा-अनकही कहानियां' से जन-जन तक पहुंचीं जनकल्याणकारी योजनाएं

48 नुक्कड़ नाटक में 37 नाटक टोलियों ने निभाई भागीदारी

मीडिया ऑडीटर, विदिशा (निप्र)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 'नमो सेवा अनकही कहानियां' कार्यक्रम के तहत सम्पूर्ण विदिशा जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद क्षेत्रों में जिला प्रशासन के सहयोग से आकर्षणम् जन कल्याण समिति द्वारा व्यापक स्तर पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 29 एवं 30 सितंबर तथा 03 एवं 05 अक्टूबर 2026 को जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों और प्रमुख बाजार क्षेत्रों में संपन्न हुए। अभियान के दौरान जिले भर में कुल 48 नुक्कड़ नाटकों की प्रभावी प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में 37 नाटक टोलियों ने भाग लेकर जनसामान्य को शासन की जनहितैषी योजनाओं, सामाजिक सरोकारों, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा तथा नागरिक कर्तव्यों से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश दिए। इन प्रस्तुतियों में लगभग 500 कलाकारों ने सहभागिता करते हुए अपनी उत्कृष्ट अभिनय क्षमता के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक योजनाओं की जानकारी सहज, रोचक एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाई गई। कार्यक्रमों को नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहयोग एवं सराहना प्राप्त हुई। जिला प्रशासन एवं आकर्षणम् जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित यह अभियान जनजागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जिसने शासन की लोककल्याणकारी गतिविधियों को आम



जनता तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाई। प्रस्तावना - 'नमो सेवा - अनकही कहानियाँ' एक बहुदिवसीय नुक्कड़ नाटक आधारित जनसंपर्क एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति पहल रूप में प्रस्तुत की गई। इस पहल का मूल स्वरूप पारंपरिक सभागार तक सीमित न रहकर खुले सार्वजनिक स्थलों पर आमजन, राहगीरों और स्थानीय समुदाय के बीच सीधे रंगमंचीय संवाद स्थापित करना रहा। जिला विदिशा के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियों के माध्यम से नाटक को लोगों के दैनिक जीवन के बीच ले जाया गया, ताकि कथा, संवाद, अभिनय, संगीत और सामूहिक दृश्य सीधे दर्शकों तक पहुँच सकें। उपलब्ध प्रस्तुति-पटकथा के अनुसार 'नमो सेवा - अनकही कहानियाँ' की कथा पुराने स्कूल मित्रों और उनके बच्चों के पुनर्मिलन से विकसित होती है। यह पुनर्मिलन कथा को अलग-अलग समय-खंडों और घटनाओं से जोड़ता हुआ आगे बढ़ा है। इस संरचना के माध्यम से नाटक व्यक्तिगत स्मृतियों से व्यापक सामाजिक और राष्ट्रीय संदर्भों की ओर जाता है तथा अंततः वर्ष 2047 के संकल्प तक पहुँचता है। पटकथा में कुल 15 दृश्यों का क्रम दिया गया है। इन दृश्यों में गुजरात भूकंप और पुनर्निर्माण, देश से जुड़ी चिंताएँ, उरी एवं सर्जिकल स्ट्राइक, स्वदेशी क्षमता एवं अंतरिक्ष, कोविड- 19 एवं टीकाकरण, ऑपरेशन गंगा, जम्मू-कश्मीर, डिजिटल भुगतान, सौर ऊर्जा एवं महिलाओं के अवसर जैसे विषयों को नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुति का अंतिम चरण दर्शक संवाद और वर्ष 2047 के संकल्प की ओर ले जाता है। इस प्रकार नाटक केवल घटनाओं के क्रम को प्रस्तुत करने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दर्शकों को कथा के अंतिम संदेश से जोड़ने का प्रयास करता है। प्रस्तुति का समापन 'भारत माता की जय' तथा 'वंदे मातरम्' के साथ किया गया।

पहल का लक्ष्य एवं उद्देश्य - इस पहल का केंद्रीय लक्ष्य उपलब्ध पटकथा के माध्यम से सेवा, राष्ट्रहित, सामाजिक सहभागिता और भविष्य के प्रति सामूहिक संकल्प की थीम को रंगमंचीय भाषा में आमजन तक पहुँचाना है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम का चयन इस विचार पर आधारित है कि प्रस्तुति को दर्शकों तक पहुँचाने के लिए उन्हें सभागार में आमंत्रित करने के बजाय प्रस्तुति स्वयं सार्वजनिक जीवन के बीच पहुँचे। पटकथा और प्रस्तुतियों के आधार पर पहल के प्रमुख उद्देश्य निम्न रूप में समझे जा सकते हैं। सार्वजनिक स्थलों पर प्रत्यक्ष रंगमंचीय संवाद के माध्यम से आमजन तक प्रस्तुति पहुँचाना। कथा और नाट्य दृश्यों के माध्यम से सेवा, राष्ट्रहित और सामूहिक उत्तरदायित्व से जुड़े विचारों को प्रस्तुत करना। विभिन्न समय-खंडों एवं घटनाओं को एक पुनर्मिलन आधारित कथा - संरचना में जोड़कर दर्शकों के लिए एक सतत नाटकीय अनुभव तैयार करना। संवाद, अभिनय, समूह गतिविधि, संगीत, समाचार वाचन शैली और दर्शक संवाद जैसे रंगमंचीय माध्यमों का उपयोग करना। प्रस्तुति के अंतिम चरण में दर्शकों को वर्ष 2047 के संकल्प से जोड़ना। ऐसी प्रस्तुति शैली अपनाना जिसे खुले सार्वजनिक स्थानों में सरल मंच व्यवस्था और सीमित भौतिक सामग्री के साथ अनुकूलित किया जा सके। केंद्रीय थीम : सेवा से संकल्प तक प्रस्तुति की थीम को 'सेवा से संकल्प तक' की यात्रा के रूप में देखा जा सकता है।

सीहोर में साढू भाई पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

बाइक भी जब्त, पैसे के लेन-देन पर किया था हमला



मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में मुख्य आरोपी रामदीन मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पैसों के लेन-देन को लेकर उसने अपने साढू भाई अमर सिंह के सिर और कान पर लोहे के दतुआ से हमला किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और लोहे का दतुआ जब्त किया है। आरोपी को नसरुल्लागंज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। खेत के पास किया था हमला 3 अक्टूबर को फरियादी गोविंद मीणा ने गोपालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर की रात करीब 7:30 बजे छापरी गांव में राजेश जाट के खेत के पास रामदीन ने अमर सिंह पर हमला किया था। गंभीर रूप से घायल अमर सिंह को पहले भैरूंदा के भारती अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे इंदौर के अरविंदो अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने शुरुआत में सामान्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में हत्या के प्रयास की धाराएं बढ़ाई गईं। विशेष टीम ने मंदिर के पास से पकड़ा पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने रामदीन मीणा को गोपालपुर के बंजारी बालाजी मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकी मोटरसाइकिल और हमले में इस्तेमाल लोहे का दतुआ भी जब्त कर लिया।

पाकिस्तान टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका टीम का ऐलान, कुसल मेंडिस करेंगे कप्तानी

कोलंबो,एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। 15 सदस्यीय टीम की कमान कुसल मेंडिस संभालेंगे। यह पहला मौका है जब कुसल श्रीलंका टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगे। मेंडिस को वनडे और टी20 टीम की कमान सौंपे जाने के बाद अब टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। ऐसे में एक विकेटकीपर बल्लेबाज के साथ ही बतौर कप्तान भी उनकी जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। मेंडिस को कप्तानी पिछले सप्ताह धनंजय डी सिल्वा के टेस्ट कप्तान का पद छोड़ने के बाद सौंपी गई है। डी सिल्वा जनवरी 2024 से इस फॉर्मेट में श्रीलंका की कप्तानी कर रहे थे। उन्होंने अगली पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपने की जरूरत बताई थी।



श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) सिलेक्शन कमिटी ने गुरुवार को बोर्ड के मुख्यालय में हुई मीटिंग में मेंडिस की बतौर टेस्ट कप्तान नियुक्ति की। विकेटकीपर-बल्लेबाज को सबसे लंबे फॉर्मेट में काफी अनुभव है। वह 75 टेस्ट मैचों में 4,836 रन बना चुके हैं, जिसमें 10 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। मेंडिस को मई में श्रीलंका का वनडे और टी20 कप्तान बनाया गया था। उन्होंने वनडे कप्तान के रूप में चरिथ असलांका और टी20 में दासुन शनाका की जगह ली थी। टेस्ट कप्तान के तौर पर उनकी नियुक्ति अब उन्हें तीनों इंटरनेशनल फॉर्मेट में कप्तान बनाती है। पाकिस्तान टूर मेंडिस को एक कॉम्पिटिटिव सीरीज में टेस्ट टीम को लीड करने का पहला मौका देगा, जिसमें श्रीलंका मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में आगे बढ़ना चाहता है। पथुम निसांका को दौरे वाली टीम में शामिल किया गया है, लेकिन शुरुआती टेस्ट के लिए उनकी उपलब्धता उनकी रिकवरी और मेडिकल क्लियरेंस पर निर्भर करेगी। यह बल्लेबाज टीम के साथ तभी ट्रैवल करेगा, जब उसे सीरीज से पहले फिट घोषित किया जाएगा। अंजला बंडारा को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट 9 नवंबर से रावलपिंडी में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट 17 नवंबर से लाहौर में खेला जाएगा। पाकिस्तान टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका की टीमः कुसल मेंडिस (कप्तान), पथुम निसांका, पसिंदू सोरियाबंदारा, दिनेश चांदीमल, कामिंदू मेंडिस, सोनल दिनुशा, धनंजय डी सिल्वा, अंजला बंडारा, केशरा नुवांथा, प्रभात जयसूर्या, मिलन रथनायका, लाहिरू कुमारा, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका और ईशान मलिंगा।

ब्रिस्बेन ओलंपिक 2032 की सीईओ सिंडी हुक अपना पद छोड़ेंगी

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स ऑर्गनाइजिंग कमिटी की सीईओ सिंडी हुक ने घोषणा की है कि वह अपने चार साल के कॉन्ट्रैक्ट के खत्म होने पर अपने पद से हट जाएंगी। हुक को फरवरी 2023 में नियुक्त किया गया था। उनका चार साल का कॉन्ट्रैक्ट अगले साल की शुरुआत में खत्म होने वाला है। ऑर्गनाइजिंग कमिटी के मुताबिक, आने वाले महीनों में एक नई नियुक्ति की घोषणा होने की उम्मीद है। ऑर्गनाइजिंग कमिटी बोर्ड ने हुक के कॉन्ट्रैक्ट समाप्त होने के बाद पद छोड़ने के फैसले को मान लिया है। ऑर्गनाइजिंग कमिटी के मुताबिक, 'लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक से ठीक एक साल पहले एक आसान बदलाव सुनिश्चित करने के लिए और ब्रिस्बेन 2032 के अपने शुरुआती प्लानिंग और कैपेबिलिटी बिल्डिंग फेज से ऑपरेशन्स, प्रोजेक्ट और इवेंट डिलीवरी के अगले महत्वपूर्ण फेज में जाने के लिए एक नए लीडर को बैटन सौंपने का यह सही समय है।' हुक ने एक बयान में कहा, 'पिछले चार सालों में, मैंने वह सब कुछ हासिल किया है जिसकी हमने उम्मीद की थी और इस दौरान मुझे कई अद्भुत अनुभव हुए।' ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक ऑर्गनाइजिंग कमिटी की सीईओ के तौर पर, सिंडी गेम्स के ऑर्गनाइजेशन के सभी पहलुओं को लीड करने के लिए जिम्मेदार थीं, ताकि एथलीट और दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव बनाया जा सके और ब्रिस्बेन, साउथईस्ट क्वींसलैंड और ऑस्ट्रेलिया के लिए एक पॉजिटिव विरासत छोड़ी जा सके। उनकी जिम्मेदारियों में गेम्स की प्लानिंग, स्पॉन्सरशिप, टिकटिंग और मर्चेंडाइज के जरिए राजस्व जुटाना, वेन्यू के ऑपरेशन को मैनेज करना, इवेंट सुरक्षा, वॉलंटियर रिक्रूटमेंट आदि शामिल हैं।

टी20 में फील्डिंग सुधारने के लिए टीम इंडिया के कल्चर में बदलाव जरूरी: आर श्रीधर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की सीनियर पुरुष टीम के पूर्व फील्डिंग कोच आर. श्रीधर मानते हैं कि टी20 फॉर्मेट में फील्डिंग के स्तर में आ रही गिरावट को ठीक करने के लिए राष्ट्रीय टीम को अपने कल्चर में पूरी तरह बदलाव की जरूरत है। श्रीधर ने यह भी कहा कि 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले न्यूजीलैंड दौरे से पहले टीम में शामिल नए खिलाड़ी फील्डिंग के मामले में पूरी तरह तैयार नहीं हैं। आंकड़ों के अनुसार, साल 2026 में टी20 मुकाबलों में भारत की फील्डिंग का स्तर गिरा है। कैच पकड़ने की क्षमता के मामले में भारत टॉप 10 देशों में दूसरे-आखिरी स्थान पर है (73.4 प्रतिशत)। टीम ने चौंकाने वाले 58 कैच छोड़े हैं। भारतीय फील्डरों ने भले ही 129 रन बचाए हों, लेकिन कैच छोड़ने और ग्राउंड-फील्डिंग की गलतियों के कारण 226 रन अतिरिक्त बने, जिससे कुल मिलाकर 97 रनों का नुकसान हुआ। इसके अलावा, रनआउट के मौके चूकने के मामले में भारत सभी टीमों में सबसे आगे है (19 मौके चूके), जबकि टीम ने 14 रनआउट किए भी हैं। साथ ही, भारतीय विकेटकीपरों ने स्टंपिंग के पांच मौकों में से दो मौके गंवाए। न्यूजीलैंड में मैच स्थानीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होंगे, जिसका मतलब है कि फील्डरों को कड़ाके की ठंड में मैदान पर उतरना होगा।



श्रीधर ने सोमवार को 'सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क' द्वारा आयोजित एक वर्चुअल बातचीत में आईएएनएस से कहा, 'फॉर्म अच्छी नहीं है। भारतीय टीम की फील्डिंग का फॉर्म, न सिर्फ पिछले कुछ मुकाबलों में, बल्कि पिछले कुछ महीनों में भी अच्छा नहीं रहा है। हमने टी20 वर्ल्ड कप जीता, लेकिन उस टूर्नामेंट में भी हम एक अच्छी फील्डिंग यूनिट के आसपास भी नहीं थे। उस सेमीफाइनल में शायद अक्षर पटेल ने ही हमें हारने से बचाया था। इसलिए हमें अपनी फील्डिंग में सुधार करने की जरूरत है। 'मुझे लगता है कि फील्डिंग के मामले में और एक खास संस्कृति बनाने के मामले में अब फील्डिंग को निश्चित रूप से कम प्राथमिकता दी जा रही है। जैसा कि हम देख सकते हैं, भारतीय टीम की बैटिंग में एक कल्चर नजर आता है। इसी तरह, तेज गेंदबाजों के इस्तेमाल में भी एक साफ कल्चर है, खासकर वनडे में, जहां शुभमन गिल पिच पर जोरदार गेंदें फेंकना पसंद करते हैं, लेकिन फील्डिंग में ऐसा कल्चर नहीं दिखता। चिंता की बात यह है कि टीम में आने वाले नए खिलाड़ियों की फील्डिंग क्षमता उतनी अच्छी नहीं है। कुछ तेज गेंदबाज हैं, कुछ बल्लेबाज हैं, लेकिन जो भी आ रहा है, वह कोहली, सूर्यकुमार या श्रेयस जैसा फील्डर नहीं लगता, उस पीढ़ी की बात कर रहा हूं, क्योंकि ऐसा लगता है कि उन्हें सिर्फ एक ही स्किल, यानी बैटिंग, पर तैयार किया गया है। ' घरेलू क्रिकेट सिस्टम को इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए कहते हुए, श्रीधर ने जोर दिया कि हेड कोच गौतम गंभीर और फील्डिंग कोच सुभादीप घोष के नेतृत्व में मौजूदा कोचिंग स्टाफ को कैचिंग और ग्राउंड फील्डिंग के मामले में कड़े स्टैंडर्ड और जवाबदेही तय करनी होगी। उन्होंने कहा, 'यह थोड़ी चिंता की बात है, लेकिन यह भारतीय टीम की चिंता का विषय नहीं है। यह पूरे सिस्टम के लिए जागने और सच्चाई को समझने का समय है। तो बहुत कुछ किया जाना बाकी है, लेकिन फील्डिंग कोच के सामने इन युवा खिलाड़ियों को तुरंत मैच प्रैक्टिस के लिए तैयार करने की चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे 18 तारीख को भारत से निकलेंगे और 19 तारीख को पहुंचेंगे और 22 तारीख को उनका (टी20) मैच है, जो बहुत चुनौतीपूर्ण है। लेकिन आज के दौर में क्रिकेट तो हालात के हिसाब से ढलने के बारे में ही है, है ना इसीलिए तो आपको इतनी मोटी रकम मिलती है। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि भारतीय टीम कैसे हालात के हिसाब से खुद को ढालती है। हो सकता है कि वे टी20 फॉर्मेट में बहुत अच्छी तरह ढल जाएं, लेकिन जब रेड बॉल की बात आएगी, तो मामला बिल्कुल अलग होगा। '


श्रीधर का मानना है कि न्यूजीलैंड के अनोखे मौसम में भारतीय फील्डिंग यूनिट की तुरंत परीक्षा होगी। उन्होंने कहा, 'जैसा कि आपने कहा, न्यूजीलैंड में एक बड़ी बात शुरुआती वसंत का मौसम है। आमतौर पर, भारत जनवरी-फरवरी में न्यूजीलैंड का दौरा करता है, जब मौसम थोड़ा गर्म होने लगता है। लेकिन इस बार, शायद यह उन दुर्लभ मौकों में से एक है जब हम अक्टूबर के आखिर और पूरे नवंबर में वहां जा रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमारे फील्डर्स को वहां के माहौल के हिसाब से खुद को ढालना होगा। '

शुभमन गिल और शेफाली वर्मा ने पुरुष और महिला वर्ग में जीता आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार



दुबई, एजेंसी। भारतीय वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को सितंबर महीने के लिए पुरुष और महिला श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। यह तीसरी बार है जब भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेटरों को एक साथ किसी महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद सितंबर महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। गिल ने पांचवीं बार यह सम्मान हासिल किया है। उन्होंने पुरुष कैटेगरी में सबसे ज्यादा बार यह खिताब जीतने के अपने रिकॉर्ड को और आगे बढ़ाया है। शेफाली वर्मा ने विमेंस एशिया कप और एशियन गेम्स में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद दूसरी बार महीने के श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है।

गिल को मिले इस नए अवॉर्ड ने उन्हें वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज के साथ खड़ा कर दिया है। मैथ्यूज ने भी पांच बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता है। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 110 रन बनाए थे, जबकि दूसरे मैच में 133 गेंदों पर शानदार 223 रनों की पारी खेली थी। पुरस्कार जीतने के बाद गिल ने कहा, 'अपना पांचवां आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं इस सम्मान के लिए पैनल का शुक्रगुजार हूं। इतने रन बनाना बहुत अच्छा लगा और अपने घरेलू फैंस के सामने सफल रन चेज का हिस्सा बनना और भी खास था, जिनका सपोर्ट हमें हमेशा अतिरिक्त बूस्ट देता है। ' उन्होंने कहा, 'वनडे क्रिकेट की गति काफी बढ़ गई है। आपको तुरंत सोचना होता है, कंडीशन का जल्दी से अंदाजा लगाना होता है और पिच और टारगेट की जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालना होता है। अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के साथ, हम अपने स्तर को बेहतर करते रहने और आगे आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम एक मजबूत और संतुलित टीम बनाने के लिए दृढ़ हैं। ' शेफाली वर्मा ने कहा, 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड फिर से जीतना एक अविश्वसनीय सम्मान है। एशिया कप और एशियन गेम्स में हमारी जीत में अपना रोल निभाना बहुत अच्छा लगा, और यह अवॉर्ड जीतने से ये जीत और भी खास हो गई हैं। ' उन्होंने कहा, 'मैं आने वाले महीनों को लेकर उत्साहित हूं।



धोनी में क्रिकेट बाकी

आईपीएल 2027 में खेलने का फैसला उनका होगा: सीएसके सीईओ विश्वनाथन

चेन्नई, एजेंसी। आईपीएल की सफलतम फ्रेंचाइजी में से एक चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के सीईओ काशी विश्वनाथन का मानना है कि पूर्व कप्तान एमएस धोनी में अभी क्रिकेट बाकी है। वह टीम के लिए एक आखिरी सीजन खेलने की पूरी कोशिश करेंगे। धोनी इंजरी की वजह से आईपीएल 2026 में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे। चेन्नई में मीडिया से बात करते हुए विश्वनाथन ने कहा कि धोनी अगले सीजन में खेलेंगे या नहीं, यह फैसला फ्रेंचाइजी ने पूरी तरह उन पर छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा सवाल है जो आपको उनसे पूछना चाहिए। मुझे भी उनसे पूछना होगा। जब वह चेन्नई आते हैं तो वह हमें अपने फैसले के बारे में बताते हैं। मुझे लगता है कि उनके सीएसके के लिए खेलते रहने के चांस हैं। वह अभी भी एक खिलाड़ी हैं, आप जानते हैं। ' धोनी ने आईपीएल 2026 में एक भी मैच नहीं खेला था। वह 45 साल के हो चुके हैं। ऐसे में धोनी के आगामी सीजन में खेलने पर सवाल उठते रहते हैं। एमएस धोनी आईपीएल 2027 में सीएसके के लिए खेलेंगे या नहीं, इस पर टीम के पूर्व खिलाड़ी और दिग्गज बल्लेबाज सुरेश रैना ने कहा कि वह धोनी को एक और आईपीएल सीजन के लिए वापसी करते देखना चाहते हैं। चेपॉक में सीएसके के पारंपरिक लैप ऑफ ऑनर में धोनी के हिस्सा लेने के बाद, रैना ने कहा कि उन्होंने आईपीएल 2027 के लिए उनसे वापसी करने की गुजारिश की थी। रैना ने कहा, 'मैंने उनसे कहा कि आपने आईपीएल 2026 को मिस कर दिया। यह नहीं गिना जाएगा। आपको अगले साल वापस आना होगा। ' बाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज का मानना है कि धोनी ने वापसी के दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं किए हैं। यह उनका निजी फैसला होगा। मुझे लगता है कि वह सकारात्मक हैं। टीम भी फिर से अच्छी तरह से घुल-मिल रही है। फैंस भी चाहते हैं कि वह आएं। उन्होंने मुझसे कहा था कि देखते हैं। इसका मतलब है कि वह कड़ी मेहनत करेंगे और वापसी करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सीएसके में धोनी का उत्तराधिकारी कौन होगा इसका जवाब सीएसके ने पिछले सीजन में टीम में संजू सैमसन को शामिल कर दे दिया था। पिछले सीजन सीएसके का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। टीम 14 मैचों में 6 जीत और 8 हार के साथ आठवें स्थान पर रही थी।

स्टीव स्मिथ को हेलमेट पर लगी चोट की जांच होगी

डरबन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का कनकशन अवलोकन किया जा रहा है। स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्जे की गेंद से हेलमेट पर चोट लगी थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन में खेले जा रहे टेस्ट में स्मिथ को दूसरी पारी में बल्लेबाजी के दौरान एनरिक नोर्त्जे का बाउंसर लगा था। स्मिथ की उम्मीद के मुताबिक नोर्त्जे की गेंद नहीं उठी थी, गेंद देखकर वह झुके थे, लेकिन गेंद सीधे उनके हेलमेट से जा टकराई थी। उस समय उन्होंने अपनी इनिंग सिर्फ चार गेंद खेली थीं। उस समय उनके कनकशन की जांच की गई और उन्हें अपनी इनिंग जारी रखने की इजाजत दे दी गई। हालांकि, जब ऑस्ट्रेलिया ने फील्डिंग शुरू की तो स्मिथ वापस नहीं आए। उम्मीद है कि अगले 24 घंटों में उनके कनकशन की जांच होगी। चौथे दिन स्टंप्स के समय ब्यू वेबस्टर स्मिथ की फिटनेस के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने उम्मीद जताई कि स्मिथ मंगलवार को मैदान पर उतर सकते हैं।



वेबस्टर ने स्मिथ के बारे में कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह ठीक होंगें। उनके सिर में एक बुरी चोट लगी थी। हम उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। उम्मीद है, वह मंगलवार को गक्वेबरहा में अगले टेस्ट में वापस आ जाएंगे। '

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की कनकशन और हेड ट्रॉमा पॉलिसी के तहत, कनकशन का पता चलने के बाद उसे कम से कम 24 घंटे के लिए बाहर रहना होगा और मेडिकल ऑफिसर से क्लीयरेंस मिलने तक वह क्रिकेट से जुड़ी गतिविधि में वापस नहीं आ सकते हैं।

स्मिथ को पहले भी कनकशन और वर्टिगो के लक्षण रहे हैं। उन्हें 2019 में एशेज टेस्ट से बाहर रहना पड़ा था, जब जोफ्रा आर्चर के बाउंसर की वजह से मार्नस लाबुशेन को उनकी जगह टेस्ट टीम में शामिल किया गया था।

ग्केबरहा में दूसरा टेस्ट रविवार, 18 अक्टूबर से शुरू होगा, जबकि केपटाउन में तीसरे टेस्ट में अभी दो सप्ताह बाकी हैं।

कबड्डी छोड़ चुनी वेटलिफ्टिंग, लगातार 2 कॉमनवेल्थ गेम्स में देश के लिए जीते पदक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला वेटलिफ्टिंग में हरजिंदर कौर का नाम काफी लोकप्रिय है। हरजिंदर ने लगातार दो कॉमनवेल्थ गेम्स में देश के लिए पदक जीते हैं। हरजिंदर कौर का जन्म 14 अक्टूबर 1996 को पंजाब के पटियाला जिले में नाभा के पास मेहास में हुआ था। हरजिंदर का परिवार खेती से जुड़ा रहा है। शुरुआत में हरजिंदर कबड्डी खेला करती थीं और प्रशिक्षण के लिए प्रतिदिन 5 किलोमीटर साइकिल चलाकर सेंटर जाया करती थीं। परिवार की आर्थिक तंगी के कारण उन्हें प्रशिक्षण छोड़ना पड़ा। वेटलिफ्टिंग में हरजिंदर काफी देर से आईं। 2016 में पटियाला में पंजाबी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान उन्होंने वेटलिफ्टिंग शुरू की। राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन के बाद हरजिंदर कौर को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। कौर ने 2021 में ताशकंद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 71 किग्रा कैटेगरी में रजत पदक जीता था। इसके बाद 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के 71 किग्रा इवेंट में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। हरजिंदर ने हाल ही में ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 69 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक जीता है।



ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ इंडिया-ए के शुरुआती दो मुकाबलों से बाहर

कुशाग्र को मौका मिला

नई दिल्ली, एजेंसी। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत लेफ्ट-साइड स्ट्रेन के कारण न्यूजीलैंड के आगामी दौरे पर इंडिया-ए के शुरुआती दो मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी सोमवार को दी। पंत का इस दौरे पर खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर था। 1-4 अक्टूबर के बीच ईरानी कप में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 'रेस्ट ऑफ इंडिया' टीम की कप्तानी करते हुए उन्हें वायरल बुखार हो गया था। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि 29 वर्षीय पंत मेडिकल टीम की देखरेख में हैं और लिंकन में 7 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीसरे मैच में उनके खेलने पर फैसला बाद में लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'वह बीसीसीआई मेडिकल टीम की देखरेख में हैं और अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। तीसरे मैच में उनके खेलने पर फैसला बाद में लिया जाएगा। पुरुष चयन समिति ने पहले दो मुकाबलों के लिए पंत की जगह कुमार कुशाग्र को चुना है।



' झारखंड के 21 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कुशाग्र, ध्रुव जुरेल की कप्तानी वाली इंडिया-ए की टीम में शामिल हुए हैं। इस टीम में यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, केएल राहुल, आकिब नबी, मुकेश कुमार, आकाश दीप, मानव सुथार और वाशिंगटन सुंदर जैसे सितारे भी मौजूद हैं। कुशाग्र पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए के रेड-बॉल मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करके आ रहे हैं। उन्होंने पहले मैच में 113 और 46 रन बनाकर इंडिया-ए को जीत दिलाई थी।

यह 'शैडो ए' सीरीज दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में खेली जाने वाली दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज से पहले अहम तैयारी का मौका प्रदान करेगी। यह टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचने की दौड़ के लिहाज से भी काफी अहम है, इसलिए दोनों टीमें इस वार्म-अप सीरीज का पूरा फायदा उठाना चाहेंगी। इंडिया-ए की अपडेटेड टीमः ध्रुव जुरेल (कप्तान/विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, रविचंद्रन स्मरण, वाशिंगटन सुंदर, आकिब नबी, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, मानव सुथार, मुकेश चौधरी, साई सुदर्शन, यश राठौड़, मुकेश कुमार और कुमार कुशाग्रा (विकेटकीपर) (पहले और दूसरे मैच के लिए)।

संक्षिप्त समाचार

राज्यपाल रमेन डेका से राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा ने की सौजन्य भेंट



मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मिश्रा ने राज्यपाल डेका का अभिवादन किया। भेंट के दौरान राज्य के समग्र एवं सतत विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

राज्यपाल से गेड़ी नर्तक अनिल गढ़ेवाल ने की भेंट



मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गेड़ी लोक नर्तक एवं लोक श्रृंगार भारती, बिलासपुर के संचालक अनिल कुमार गढ़ेवाल ने अपने सहयोगी लक्ष्मी नारायण मांडले के साथ सौजन्य भेंट की। उल्लेखनीय है की गढ़ेवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के गेड़ी लोक नृत्य दल ने 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह तथा 15 अगस्त 2026 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में गेड़ी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी थी। इन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों में छत्तीसगढ़ की लोककला और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रदर्शन कर दल ने प्रदेश को गौरवान्वित किया। राज्यपाल डेका ने गढ़ेवाल एवं उनकी टीम के प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकनृत्य हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण अंग हैं। ऐसे कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश की लोककला और परंपराओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने गढ़ेवाल एवं उनके सहयोगियों को लोककला के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करने तथा भविष्य में भी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल रमेन डेका से प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने की सौजन्य भेंट



मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। छत्तीसगढ़ के विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों ने आज लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। खिलाड़ी छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष किशोर महानंद के साथ राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे। राज्यपाल डेका ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया और आगामी प्रतियोगिताओं में सफलता की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल से भेंट करने वालों में अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर प्रदीप क्षत्री एवं लखपति सिंदूर, वेटलिफ्टर कैलाश सिक्का, बास्केटबॉल खिलाड़ी कु. सौपी सिक्का, थाई बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक विजेता कु. मानसी तांडी, सॉफ्टबॉल खिलाड़ी कु. गंगा सोना एवं कु. प्रतिमा सोना, फुटबॉल खिलाड़ी बोस्टो तांडी एवं राजेश महानंद, कराटे खिलाड़ी कु. लक्षिता तांडी, किक बॉक्सिंग खिलाड़ी कु. रीयाशा बाघ, पावरलिफ्टर कु. प्रिया हरपाल तथा 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन-5' के विजेता रितेश पाल शामिल थे। राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने 78.51 लाख रुपए के दो सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। , उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देते हुए मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में कुल 78.51 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं की सहभागिता के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमिपूजन के साथ ही दोनों निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए गए। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा व्यवस्थित नाली निर्माण से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी। इससे गांवों में सड़क एवं नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के अंतर्गत ग्राम धरमपुरा में मानिकचौरी मेन रोड से धान खरीदी केंद्र एवं गौठान तक 49.74 लाख रुपए की लागत से 0.5 किलोमीटर लंबाई में सीसी सड़क सह नाली का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य से ग्रामीणों को आवागमन की



बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही सड़क के किनारे नाली निर्माण होने से जल निकासी व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही ग्राम बिरकोना में 28.77 लाख रुपए की लागत से 0.25 किमी लंबाई में सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने संबंधित अधिकारी और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम बिरकोना में 1 करोड़ 2 लाख 96 हजार रुपए तथा ग्राम धरमपुरा में 1 करोड़ 24 लाख 7 हजार रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इसके साथ ही दोनों गांवों में सैकड़ों प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण भी किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान की सुविधा मिली है। सरकार का उद्देश्य गांवों में सड़क, नाली, आवास सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीणों के जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाना है।

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। इसके तहत स्कूलों में लगाई गई स्क्रीन के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ करियर काउंसलिंग और कोचिंग की सुविधा भी मिलेगी।विधानसभा क्षेत्र के कुल 85 स्कूलों में से अब तक 50 स्कूलों में स्क्रीन लगाई जा चुकी हैं। शेष 35 स्कूलों में भी स्क्रीन लगाने की योजना है। इसके अलावा क्षेत्र के सभी 8 छात्रावासों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल के तहत देश के प्रमुख ऑनलाइन शिक्षा संस्थानों में शामिल फिजिक्स वाला के माध्यम से विद्यार्थियों को कोचिंग उपलब्ध कराने के लिए बातचीत की गई है। योजना के अनुसार, विद्यार्थियों को स्कूलों और छात्रावासों में ही स्क्रीन के माध्यम से ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य महंगी कोचिंग और दूसरे शहरों में जाकर पढ़ाई करने की मजबूरी को कम करना तथा ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना है। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में साहसिक कार्य किया गया है। वे बिरकोना और धरमपुरा जैसे गांवों की जरूरतों को समझते हुए लगातार विकास कफयों को गति प्रदान कर हैं। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों द्वारा भूमिपूजन किया जाना भी सराहनीय है, क्योंकि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज और क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो कभी रुकनी नहीं चाहिए। इस दौरान पुर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य बीरेंद्र साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

सेवा की कहानी : महतारी वंदन योजना से मिली देवी को मिला आर्थिक संबल, 32 किस्तों में मिले 32 हजार रुपये

● हर महीने मिलने वाली राशि से घरेलू जरूरतें हो रहीं पूरी

मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। महतारी वंदन योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक सहयोग का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। हर महीने बैंक खाते में पहुंचने वाली एक हजार रुपये की राशि से महिलाएं अपनी छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने के साथ परिवार के खर्चों में भी हाथ बंटा रही हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम चनवारीडांड निवासी मिलीदेवी भी इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। उन्हें अब तक 32 किस्तों में कुल 32 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल चुकी है। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सामने आई मिली देवी की यह कहानी महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता से मिल रहे संबल का उदाहरण है।

हर महीने मिल रहे एक हजार रुपये, घरेलू खर्चों में मिल रही राहत-ग्राम



चनवारीडांड निवासी मिली देवी को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा योजना की 32वीं किस्त जारी किए जाने के बाद उन्हें अब तक कुल 32 हजार रुपये मिल चुके हैं। इस राशि का उपयोग वह परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में कर रही हैं। नियमित रूप से मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके लिए उपयोगी साबित हो रही है। घरेलू जरूरतों के लिए छोटी-छोटी राशि की व्यवस्था करने में अब उन्हें सहूलियत मिल रही है। योजना से प्राप्त राशि परिवार के आर्थिक प्रबंधन में सहयोग देने के साथ उन्हें अपनी आवश्यकताओं के लिए आर्थिक संबल भी प्रदान कर रही है।

नियमित सहायता से आत्मनिर्भरता को मिल रहा बढ़ावा-छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, उनकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना तथा परिवार में उनकी आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना है। मिलीदेवी के लिए योजना से मिलने वाली सहायता घरेलू जरूरतों को पूरा करने का सहारा बनी है।

निःशुल्क डायलिसिस से सुकमा जिला अस्पताल बना मरीजों का सहारा

ओडिशा के मलकानगिरी से भी इलाज के लिए पहुंच रहे मरीज, गौतम मजूमदार, ध्रुवल राय और दत्ता को मिल रही राहत

मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। कभी दुर्गम क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले बस्तर के सुकमा जिले में अब स्वास्थ्य सेवाएं दूर-दराज के मरीजों के लिए उम्मीद बन रही हैं। जिला अस्पताल में संचालित निःशुल्क डायलिसिस यूनिट किडनी की बीमारी से जूझ रहे मरीजों को राहत दे रही है। इसका लाभ छत्तीसगढ़ के मरीजों के साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरी से आने वाले लोग भी उठा रहे हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सुकमा जिला प्रशासन अस्पताल की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी कर रहा है। कलेक्टर अमित कुमार जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। वहीं, विशेषज्ञों और चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए जिला



खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से डॉक्टरों की नियुक्तियां की गई हैं। इससे अस्पताल में उपचार की सुविधाओं को मजबूत करने में मदद मिली है।

दो महीने से मिल रही निःशुल्क सेवा-ओडिशा के मलकानगिरी निवासी गौतम मजूमदार किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा नहीं मिलने के कारण उन्हें उपचार के लिए परेशानी उठानी पड़ रही थी। सुकमा के डायलिसिस सेंटर की जानकारी मिलने पर उन्होंने यहां उपचार शुरू कराया। गौतम बताते हैं, पिछले दो महीनों से सुकमा जिला अस्पताल में मुझे पूरी तरह निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। यहां अस्पताल का स्टाफ भी आत्मीयता से देखभाल करता है। इस सुविधा से मुझे काफी राहत मिली है। मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन का आभारी हूं। मलकानगिरी के ही ध्रुवल राय और दत्ता जैसे मरीजों को भी यहां उपचार का लाभ मिल रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि सीमावर्ती क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को उपचार के लिए दूर जाने की मजबूरी से राहत दे सकती हैं।

सेवा की कहानी : ल फीडर जलाशय योजना से किसानों के खेतों में पहुंचेगा सिंचाई का पानी

मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के माध्यम से आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसी दिशा में खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम लछनाटोला के समीप आमनेर नदी पर प्रस्तावित ल फीडर जलाशय लघु सिंचाई योजना क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और किसानों की समृद्धि की नई संभावनाएं लेकर आ रही है। योजना के पूर्ण होने पर 41 गांवों के 1,840 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को खरीफ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसानों को खेती के लिए पानी की उपलब्धता मिलेगी और कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। सिंचाई सुविधा से खेती को मिलेगा संबल जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ल फीडर जलाशय योजना के अंतर्गत 21 किलोमीटर लंबी मुख्य फीडर नहर और आठ माइनर नहरों का निर्माण प्रस्तावित है। कुल 41.88 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली के माध्यम से खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की योजना है। इससे क्षेत्र में खरीफ फसलों की सिंचाई को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही खरीफ फसल के बाद खेतों में उपलब्ध नमी का उपयोग कर लगभग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना सहित अन्य रबी फसलों के उत्पादन की संभावना है। मत्स्य पालन के अवसर व भू-जल संवर्धन को मिलेगा बढ़ावाजलाशय का लाभ कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी मिलने की उम्मीद है। योजना के अनुसार, जलाशय से प्रतिवर्ष लगभग 273.50 क्विंटल मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे करीब 150 हितग्राहियों के लिए रोजगार के अवसर विकसित हो सकते हैं। इसी प्रकार ल फीडर जलाशय योजना से भू-जल संवर्धन और भू-जल स्तर में वृद्धि को प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। योजना के तहत खैरागढ़ विकासखंड में निर्मित एक मध्यम और 12 लघु जलाशयों में पानी की पूर्ति का भी प्रावधान है।

सेवा की कहानी : मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से

मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रमिक परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के माध्यम से पात्र श्रमिक परिवारों की बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें अपने भविष्य के लिए बेहतर अवसर तलाशने और स्वावलंबन की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कोण्डागांव जिले के बड़े राजपुर विकासखंड के ग्राम मारंगपुरी निवासी तनुजा मरकाम को योजना के अंतर्गत 20 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता राशि प्राप्त हुई है। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित शिविर के माध्यम से मिली इस सहायता ने उनके भविष्य को संवारने और आत्मनिर्भर बनने की उम्मीदों को नई मजबूती प्रदान की है।

● शासन की सहायता से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम-तनुजा मरकाम ने बताया कि योजना के तहत प्राप्त आर्थिक सहायता उनके लिए उपयोगी साबित होगी। इससे उन्हें भविष्य की योजनाओं को पूरा करने और अपने पैरों पर खड़े होने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने श्रमिक परिवारों की बेटियों को आर्थिक संबल प्रदान करने वाली इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना जैसी कल्याणकारी पहल श्रमिक परिवारों की बेटियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का अवसर प्रदान कर रही है। यह योजना बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाने, आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य की राह प्रशस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

तनुजा को यह आर्थिक सहायता उनके पिता उत्तम लाल मरकाम के पंजीकृत निर्माण श्रमिक होने के आधार पर प्राप्त हुई है। शासन की इस पहल से उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने, भविष्य की योजनाओं को आगे बढ़ाने और रोजगार अथवा स्वरोजगार की दिशा में प्रयास करने का अवसर मिला है।

श्रमिक परिवारों की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की पहल-छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना का प्रमुख उद्देश्य पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों को आर्थिक सहयोग देकर उनके भविष्य को सुरक्षित और बेहतर बनाने में मदद करना है। योजना के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित पात्रता पूरी करने वाली श्रमिक परिवारों की प्रथम दो अविवाहित पुत्रियों को 18 से 21 वर्ष की आयु के बीच तथा न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर 20 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता प्रदान की जाती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों के संबंध में लोकभवन में बैठक आयोजित



मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 22 एवं 23 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर आवश्यक तैयारियों के संबंध में आज लोकभवन में बैठक आयोजित की गई। राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान लोकभवन में की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में लोकभवन परिसर में बैठक व्यवस्था, पार्किंग, बिजली और इंटरनेट की निर्बाध उपलब्धता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही चिकित्सा सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों और प्रोटोकॉल के तहत वाहनों की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें। बैठक में जनसंपर्क विभाग के संचालक आशीष कुमार टिकरिहा, रायपुर के पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम रायपुर, सामान्य प्रशासन विभाग तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सेवा की कहानी : सीएम हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत से दीपक पाल की समस्या का हुआ समाधान, मिली ट्राई साइकिल

चलने-फिरने में परेशानी से जूझ रहे दिव्यांग दीपक को मिली राहत, अब आवागमन होगा आसान

मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)। शासन की जनकल्याणकारी सेवाएं जरूरतमंद लोगों की समस्याओं के समाधान में मददगार साबित हो रही हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के नगर पंचायत खोंगापानी निवासी दिव्यांग दीपक पाल की कहानी इसका उदाहरण है। चलने-फिरने में परेशानी के कारण लंबे समय से आवागमन की कठिनाइयों का सामना कर रहे दीपक पाल ने अपनी समस्या सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से शासन-प्रशासन तक पहुंचाई। शिकायत के बाद प्रशासन ने उनकी समस्या के निराकरण की पहल की और उन्हें ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सामने आई यह कहानी बताती है कि शिकायत निवारण व्यवस्था के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों को समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है।

आवागमन की परेशानी से जूझ रहे थे दीपक, हेल्पलाइन पर दर्ज कराई



शिकायत:नगर पंचायत खोंगापानी निवासी दीपक पाल दिव्यांग होने के कारण दैनिक जीवन में आवागमन संबंधी कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने में उन्हें परेशानी होती थी। दैनिक जरूरतों और आवश्यक कार्यों के लिए घर से बाहर निकलना भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। अपनी इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 पर शिकायत दर्ज कराई। हेल्पलाइन के माध्यम से उनकी समस्या संबंधित अधिकारियों तक पहुंची। इसके बाद शिकायत के निराकरण की दिशा में पहल करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा उनके लिए ट्राई साइकिल की व्यवस्था की गई।

कलेक्टर ने प्रदान की ट्राइसाइकिल, आवागमन में मिलेगी सहूलियत-कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर सु संतन देवी जांगड़े एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा दीपक पाल को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। लंबे समय से आवागमन की परेशानी का सामना कर रहे दीपक के लिए यह सहायता राहत लेकर आई है। ट्राइसाइकिल मिलने से अब उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने में सहूलियत होगी। साथ ही दैनिक जरूरतों से जुड़े कार्यों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। यह सहायता उनके लिए आवागमन का साधन होने के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग साबित होगी।

शिकायत दर्ज कराने के बाद मिला समाधान, दीपक ने जताई खुशी-ट्राइसाइकिल मिलने पर दीपक पाल ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि चलने-फिरने में परेशानी के कारण उन्हें दैनिक कार्यों के लिए दूसरों की सहायता लेनी पड़ती थी। समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा पहल किए जाने से उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हुई। दीपक ने कहा कि ट्राई साइकिल मिलने से अब आवागमन में होने वाली परेशानियां कम होंगी और दैनिक कार्यों को पूरा करना पहले की तुलना में आसान होगा।

● सीएम हेल्पलाइन बनी समस्या के समाधान का माध्यम-सीएम हेल्पलाइन 1076 नागरिकों को अपनी समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का माध्यम उपलब्ध करा रही है। खोंगापानी निवासी दीपक पाल की शिकायत पर हुई कार्रवाई इसका उदाहरण है। शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक पहल की गई और उन्हें ट्राई साइकिल उपलब्ध कराकर आवागमन संबंधी परेशानी को कम करने का प्रयास किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जरूरतमंद नागरिकों तक शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराना भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा